संगीत नाटक अकादेमी

वार्षिक रिपोर्ट 1992–93

विषय-सूची

परिशिष्ट

प्रस्तावना

संगीत नाटक अकादेमी—संगीत, नृत्य और नाटक की राष्ट्रीय अकादेमी की स्थापना वर्ष 1953 में भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए की गई थी। इस कार्य के लिए अकादेमी राज्यों की प्रतिस्थानी संगीत नाटक अकादेमियों और देश भर में फैले स्वैच्छिक संगठनों को सहयोग प्रदान करती है। देश के विभिन्न भागों में प्रख्यात अनुभवी कलाकारों के साथ-साथ युवा पीढ़ी के प्रतिभावान कलाकारों के नि:शुल्क प्रदर्शनों की व्यवस्था करके, छात्रवृत्तियों द्वारा पोषित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को चलाकर और प्रलेखन और प्रसार के द्वारा अकादेमी की यह कोशिश रहती है कि संगीत, नृत्य और नाटक के प्रति सामान्यजन के मन में और अधिक रुचि पैदा हो और भारतीय प्रदर्शनकारी कलाओं के सामान्य लाभ के लिए विचारों और तकनीकों का तेजी से आदान-प्रदान हो। अकादेमी के उद्देश्यों का और अधिक विस्तृत उल्लेख अकादेमी के संगम-ज्ञापन (उद्धरण : परिशिष्ट 1) में किया गया है।

संगीत नाटक अकादेमी द्वारा प्रतिष्ठित कलाकारों और विद्वानों को दिए जाने वाली रत्न सदस्यता (फैलोशिप) तथा पुरस्कार प्रदर्शनकारी कलाओं के क्षेत्र में सर्वोत्तम राष्ट्रीय सम्मान माने जाते हैं। पुरस्कार वार्षिक रूप से प्रदान किए जाते हैं जबकि फैलोशिप की संख्या 30 जीवित प्राप्तकर्त्ताओं तक सीमित है जिनमें पिछले और वर्तमान कलाकार सम्मिलित हैं। रत्न सदस्यता एवं पुरस्कार दोनों के साथ 25,000/- रूपये की राशि एवं ताम्रपत्र भेंट किया जाता है। अकादेमी की महा परिषद पूरे देश से प्राप्त नामांकनों पर विचार करके रत्न सदस्य (फैलोज़) एवं पुरस्कार प्राप्त करने योग्य व्यक्तियों का चयन करती है।

वर्ष 1992 की रत्न सदस्यता से सम्मानित व्यक्ति थे—डी.के. पट्टम्माल कर्नाटक गायक, जिनकी समृद्ध एवं सक्रिय जीवन वृति पाँच दशकों तक फैली है, अली अकबर खाँ, सरोद वादक, जिन्होंने विश्व भर में श्रोताओं और शिष्यों का हृदय जीत कर हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत को समृद्ध किया है और प्रेमलता शर्मा, विशिष्ट संगीत शास्त्री, जिन्होंने भारतीय संगीत पर उत्कृष्ट रचनायें प्रकाशित की हैं और संस्कृत पाठों में उनके स्रोतों का दिग्दर्शन किया है।

वार्षिक पुरस्कार समारोह और उत्सव 3 से 8 फरवरी, 1993 तक हैदराबाद में आयोजित किया गया था। अनेक पुरस्कार विजेताओं ने हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत, शास्त्रीय संगीत, विभिन्न भाषाओं में नाटक और पुतली कला का प्रदर्शन किया।

शास्त्रीय संगीत का उत्सव—संगीतोत्सव—भी 18 से 22 अगस्त, 1992 तक हैदराबाद में आयोजित किया गया था। यह उत्सव अकादेमी द्वारा देश के विभिन्न भागों में आयोजित उत्सवों की श्रृंखला की ही एक कड़ी था जिसमें युवा पीढ़ी के संगीतकारों और नर्तकों को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जाता है।

वर्ष के दौरान आयोजित अन्य उत्सवों में निम्नलिखित उत्सव सम्मिलित हैं: संगीत नृत्य समारोह पुणे, (25 से 27 सितंबर, 1992) जिसमें पिछले वर्षों के अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित विशिष्ट कलाकारों ने प्रदर्शन प्रस्तुत किए, देश भर

के पारम्परिक कलाकारों और दलों का समारोह—लोक उत्सव—दिल्ली में (1 से 3 नवंबर, 1992 तक) आयोजित किया गया और कठपुतली कार्यशाला/समारोह-उदयपुर में (21 से 25 नवंबर, 1992 तक) आयोजित किया गया जिसमें देश के विभिन्न भागों के पुतली कलाकारों ने भाग लिया।

अकादेमी ने 27 फरवरी से 16 मार्च, 1993 तक भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह आयोजित करने में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के साथ सहयोग किया। इस उत्सव में 18 देशों ने भाग लिया। उत्सव के दौरान विभिन्न भारतीय शहरों में संगीत समारोहों का; ''चेंजिंग पर्सपेक्टिव्ज़ इन म्यूजिक : एन एनालिसिस ऑफ ट्रांसफार्मेशंस फ्राम ट्रेडीशनल फार्म्स टू प्रेजेंट ट्रेंड्स'' पर (1 से 3 मार्च तक) नई दिल्ली में एक संगोष्ठी का; सुषिर-वाद्य (5 से 6 मार्च) और ताल वाद्य (9 से 10 मार्च) पर कार्यशालाओं का; और छायाचित्रों की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। प्रदर्शनी में महत्त्वपूर्ण घटनाओं को दर्शाया गया था, विशेष रूप से उन प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों को जिन्होंने पिछले सौ वर्षों में भारत में संगीत की धारा को प्रभावित किया है।

दिल्ली में (13 से 15 अप्रैल, 1992 तक) भरत के ''नाट्यशास्त्र'' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें लेख प्रस्तुत किए गए थे और रस की संकल्पना तथा नाट्य के साथ संगीत और नृत्य के संबंध सहित विभिन्न विषयों पर परिचर्चा हुई थी।

दुर्लभ रूपों का संवर्धन और परिरक्षण योजना के अंतर्गत अकादेमी ने कर्नाटक गायन संगीत की अरियाकुडी परंपरा, सारंगी, नागस्वरम, तविल, पखावज, और नक्कारा के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की।

युवा रंगकर्मियों को सहायता योजना के अधीन चार क्षेत्रीय नाट्य समारोहों में प्रदर्शन प्रस्तुत करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। क्षेत्रीय समारोहों से चुने गए तीन नाटक बंगलौर में आयोजित नाट्य समारोह (20 से 22 मार्च, 1993 तक) में प्रस्तुत किए गए।

अंतर-राज्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत बहुत से कलाकारों के दलों और व्यष्टि कलाकारों को देश के विभिन्न भागों में यात्रा करने और प्रदर्शन प्रस्तुत करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारी प्रदर्शनकारी कलाओं की परंपरा के बारे में पूर्णरूपेण जागरूकता पैदा करना है।

अन्य देशों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए अकादेमी अपनी भूमिका एक प्रदर्शनकारी कलाओं के निकाय के रूप में भी अदा करती है।

जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी, इम्फाल और कत्थक केंद्र, नई दिल्ली अकादेमी की घटक इकाइयाँ हैं। इन्हें प्रमुख शिक्षण संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त है और पिछले वर्षों में इन्होंने नए प्रतिभावान कलाकारों को तैयार किया है।

समीक्षाधीन अवधि में अकादेमी के संग्रहालय में बहुत सी और नई सामग्री का इज़ाफ़ा हुआ है और अब संग्रहालय में 5515 घंटों के श्रव्य और 1500 घंटों की वीडियो रिकार्डिंग, 81700 श्वेत एवं श्याम तथा रंगीन छायाचित्र, 24870 स्लाइड और 1.45 लाख फ़ुट से अधिक 16 एम एम मूक फिल्में संगृहीत हैं।

प्रबंधात्मक गठन

सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत यह संस्था एक स्वायत्त संगठन के रूप में कार्य करती है और इसका वित्त प्रबंध संस्कृति विभाग द्वारा किया जाता है।

अकादेमी का प्रबंध इसकी महा-परिषद करती है। अकादेमी के कार्यकलापों का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण इसका कार्यकारिणी मंडल करता है जिसकी सहायता के लिए वित्त, अनुदान, प्रकाशन और अन्य समितियाँ बनी हुई हैं, (परिशिष्ट 3)।

अकादेमी का अध्यक्ष भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है जिसका कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। उपाध्यक्ष का चुनाव महा-परिषद द्वारा अपने ही सदस्यों में से पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए किया जाता है। 1992-93 के दौरान प्रख्यात नाटककार और फिल्म-निर्माता गिरीश कारनाड अध्यक्ष थे और प्रमुख कर्नाटक संगीतकार टी.एन. कृष्णन् उपाध्यक्ष।

अकादेमी का प्रधान कार्यकारी अधिकारी इसका सचिव होता है और उसकी सहायता के लिए वित्त तथा लेखा अधिकारी, कत्थक केंद्र तथा जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी के निदेशकों समेत सहायक सचिव, विशेष अधिकारी (प्रलेखन), तकनीकी अधिकारी (फिल्मिंग) और अकादेमी का पुस्तकाध्यक्ष होते हैं। अकादेमी का पंजीकृत कार्यालय रवींद्र भवन, नई दिल्ली में स्थित है।

कत्थक केंद्र, दिल्ली और जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी, इम्फाल अकादेमी द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र हैं। इन दोनों संस्थाओं का प्रबंधन अकादेमी के कार्यकारिणी मंडल के हाथ में है और इस कार्य में उसकी सहायता के लिए इन घटक इकाइयों की सलाहकार समितियाँ बनी हुई हैं। इन सस्थाओं के क्रियाकलापों का ब्यौरा अलग से दिया जा रहा है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, महा-परिषद की बैठक 25 सितंबर, 1992 को पुणे में हुई। कार्यकारिणी मंडल की तीन बैठकें 15 जून, 1992 को शिमला, 24 सितंबर, 1992 को पुणे और 3 फरवरी, 1993 को हैदराबाद में हुईं। वित्त समिति की दो बैठकें दिल्ली में 3 जून और 8 सितंबर 1992 को हुईं। संगीत की सलाहकार समिति की बैठक दिल्ली में 22 अप्रैल 1992 को, अभिलेखागार एवं प्रलेखन समिति की दिल्ली में 9 मई, 1992 को, प्रकाशन समिति की बैठक दिल्ली में 18 मई, 1992 को, अनुदान समिति की बैठकें दिल्ली में 19 और 21 मई, 1992 को, नृत्य की सलाहकार समिति की बैठक दिल्ली में 22 मई, 1992 को और नाटक की सलाहकार समिति की बैठक शिमला में 15 जून, 1992 को हुई।

अकादेमी के निम्नलिखित अधिकारी हैं: गिरीश कारनाड, अध्यक्ष; प्रो.टी.एन. कृष्णन्, उपाध्यक्ष; सुदीप बनर्जी, वित्तीय सलाहकार; उषा मलिक, सचिव; चरन दास, वित्त एवं लेखा अधिकारी। सहायक सचिव: बी.आर. भार्गव (नाटक); शर्बरी मुखर्जी (संगीत); जयंत कस्तुआर (नृत्य); बंदना श्रीनिवासन (सामान्य); ए. चटर्जी (प्रकाशन), जीवन पाणि (निदेशक, कत्थक केंद्र), और प्रकाश सिंह (निदेशक, जवाहर लाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी, इम्फाल) अकादेमी के अन्य अधिकारी हैं: एस.सी. बंसल (प्रलेखन), आर.एस. मल्होत्रा (फिल्मिंग) और जे.पी. बेंगेरी (पुस्तकाध्यक्ष)।

अकादेमी रत्न सदस्यता (फ़ैलोशिप) पुरस्कारः 1992

वर्ष 1992 का पुरस्कार समारोह और उत्सव 3 से 8 फरवरी, 1993 तक हैदराबाद में संस्कृति विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया था। पिछले वर्षों की ही भांति 3 फरवरी को मान प्रदान समारोह की अध्यक्षता भारत के राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा द्वारा की जानी थी। परंतु राष्ट्रपति की यात्रा आखिरी समय पर रद्द हो जाने के कारण आंध्र प्रदेश के राज्यपाल श्री कृष्ण कांत ने राष्ट्रपति की ओर से पुरस्कार प्रदान किए। वर्ष 1992 के अकादेमी के फ़ैलोशिप/पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के नाम आगे दिए जा रहे हैं:

अकादेमी के अध्यक्ष श्री गिरीश कारनाड ने राज्यपाल और अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों का स्वागत किया। मान प्रदान *समारोह के पश्चात् संगीत नाटक अकादेमी* के पुरस्कार विजेता गुरु बाबू सिंह, थॉऊरानी शाबी देवी तथा गंभिनी देवी ने मणिपुर के पुंग चोलोम और वसंत रास का प्रदर्शन किया। इस प्रकार पुरस्कार उत्सव का शुभारंभ हुआ और बाद के दिनों में वर्ष 1992 के निम्नलिखित पुरस्कार विजेताओं ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया।

4 फ़रवरी
हिंदुस्तानी गायन: रामाराव वी. नायक
सारंगी: सुलतान ख़ाँ
सितार: उमा शंकर मिश्र

5 फ़रवरी
मृदंगम्: उमयालपुरम के. शिवरामन्
भरतनाट्यम: के.जे. सरसा और शिष्य

6 फ़रवरी
ऐलिगॅरी: दादी पदमजी द्वारा निर्देशित पुतली नाटक;
इशारा पपेट थिएटर, दिल्ली

थांग-टा (मणिपुर की युद्ध-कला):
एस. देवव्रत सिंह के शिष्य

कृष्ण गरुड़ी: कन्नड़ नाटक;
आर. नागरत्नम्मा-प्रमुख भूमिका।

7 फ़रवरी (प्रात: काल)
चलाकुवालयम: कूडिआट्टम नाटक
''सुभद्रा धनंजयम्'' से उद्धरण;
प्रमुख भूमिका: एम. कोचुकुट्टन चाक्यार

(सायंकाल)
क़ैदे-हयात: सुरेंद्र वर्मा का नाटक;
नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा रेपरटॅरी कंपनी, दिल्ली

8 फ़रवरी
अंधा युग: धर्मवीर भारती का नाटक;
मोहन महर्षि द्वारा निर्देशित; थिएटर लैब,
चंडीगढ़

डी.के. पट्टम्माल, अकादेमी की रत्न सदस्य (दाहिनी तरफ) आन्ध्र प्रदेश के राज्यपाल, श्री कृष्ण कान्त (बायें से दूसरे स्थान पर) से अपना प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर रही हैं तथा चित्र में दायें से दूसरे स्थान पर अकादेमी के अध्यक्ष, गिरीश कारनाड दिखाई दे रहे हैं।

रत्न सदस्यता

डी.के. पट्टम्माल

प्रेमलता शर्मा

अली अकबर ख़ाँ

पुरस्कार

संगीत

रामाराव वी. नाइक : हिंदुस्तानी गायन

शिवकुमार शुक्ला : हिंदुस्तानी गायन

उमाशंकर मिश्र : हिंदुस्तानी वाद्य (सितार)

सुलतान ख़ाँ : हिंदुस्तानी वाद्य (सारंगी)

के.आर. कुमारस्वामी कृष्ण अय्यर : कर्नाटक गायन

एम.के कल्याण कृष्ण भागवतार : कर्नाटक वाद्य (वीणा)

उमयालपुरम के. शिवरामन् : कर्नाटक वाद्य (मृदंगम)

नृत्य

के.जे. सरसा : भरतनाट्यम

धीरेंद्र नाथ पट्टनायक : ओडिसी

सचिन शंकर : सर्जक नृत्य

नाटक

आर. नागरत्नम्मा : अभिनय (कन्नड़)

पूर्णम् विश्वनाथन: अभिनय (तमिल)

मोहन महर्षि : निर्देशन

सुरेंद्र वर्मा : नाट्य लेखन (हिंदी)

परंपरागत प्रदर्शन कलाएँ और पुतली कला

खगेन महंत : लोक संगीत (असम)

रामकृष्ण सोलंकी : नगाड़ा (राजस्थान)

लालगुडी एम. स्वामीनाथन : तेवारम (तमिलनाडु)

टी.एस. बालकृष्ण शास्त्रीगल : हरिकथा (तमिलनाडु)

एस. देवव्रत सिंह : थांग-टा (मणिपुर)

मुझेकुलम कोचुकुट्टन चाक्यार : कूडिआट्टम (केरल)

बाबी नालंग : दशावतार (महाराष्ट्र)

दादी दोराब पदमजी : पुतली कला

मीडिया में प्रदर्शन कलाएँ

नौशाद अली : संगीत

के.जे. येसुदास : संगीत

रत्न सदस्य

डी.के. पट्टम्माल

प्रेमलता शर्मा

अली अकबर ख़ाँ

पुरस्कृत कलाकार

रामाराव व्ही. नायक

शिव कुमार शुक्ल

उमा शंकर मिश्र

सुल्तान ख़ाँ

के.आर. कुमारस्वामी अय्यर

एम.के. कल्याण कृष्ण भागवतार

उमयालपुरम के. शिवरामन्

के.जे. सरसा

धीरेन्द्र नाथ पट्टनायक

सचिन शंकर

आर. नागरत्नम्मा

पूर्णम् विश्वनाथन्

मोहन महर्षि

सुरेन्द्र वर्मा

खगेन महन्त

रामकिशन सोलंकी

लालगुडी एम. स्वामीनाथन

टी.एस. बालकृष्ण शास्त्रीगल

एस. देवब्रत सिंह

मुझीकुलम कोचुकुट्टन चाक्यार

बाबी नालंग

दादी दोराब पदमजी

नौशाद अली

के.जे. येसुदास

सुल्तान ख़ाँ: पुरस्कार समारोह, हैदराबाद

ऐलिगॅरी : पुतली नाटक, पुरस्कार समारोह, हैदराबाद

'नाट्यशास्त्र' संगोष्ठी

"नाट्यशास्त्र: पाठ या प्रसंग" विषय पर भरत के नाट्यशास्त्र के विषयों और संकल्पनात्मक संरचनाओं के संबंध में 13 से 15 अप्रैल, 1992 तक दिल्ली में अकादेमी द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस संगोष्ठी का संयोजन अकादेमी की ओर से दर्शनशास्त्र विभाग, कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड़ के भूतपूर्व प्रो. के.जे. शाह और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली के समाजशास्त्र की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अमृत श्रीनिवासन द्वारा किया गया। नाट्यशास्त्र के विभिन्न विषयों और पक्षों पर छह शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए थे, जिन पर बाद में परिचर्चा हुई। संगोष्ठी का *कार्यक्रम इस प्रकार था:*

13 अप्रैल:
स्वागत: गिरीश कारनाड, अध्यक्ष, संगीत नाटक अकादेमी; आरंभिक विचार: के. जे. शाह, संयोजक;
'रस' अनुभव या समझ: के. डी. त्रिपाठी;
परिचर्चा संचालक: एस. के. रामचंद्र राव
"रसानुभूति और ब्रह्मानंद: सम पैरेलल्स" रेखा झांझी।
परिचर्चा संचालक: आर. बी. पाटनकर

14 अप्रैल:
"नाटयोत्पत्ति: मिथ या सोशियो-हिस्ट्री?: एम. के. ब्रिस्की;
परिचर्चा संचालक: अशोक केलकर;
"आर्ट एज वोकेशन": अमृत श्रीनिवासन;
परिचर्चा संचालक: एम. के. ब्रिस्की;
"इज़ म्यूजिक एंड डांस एन इंटीग्रल कम्पोनेंट ऑफ नाट्य"?
प्रेमलता शर्मा;
परिचर्चा संचालक: मृणाल मीरी

15 अप्रैल:
"द पाथ देट भरत डिड नोट टेक: मुकुंद लाठ;
परिचर्चा संचालक: जी. सी. पांडे

संगोष्ठी में निम्नलिखित विद्वानों ने सामान्य परिचर्चा में भाग लिया: प्रो. दया कृष्ण, कपिला वात्स्यायन, एम.पी. रेगे, राजेंद्र प्रसाद, अशोक केलकर, टी. अर्चना, एस. के. देसाई, रामचंद्र गांधी, फ्रांसीन कृष्ण, मोहिनी मल्लिक, सी.डी. नरसिमैया, जे. आऊसपरमपिल, अनूपा पांडे, के.टी. पांडुरंगी, मकरंद परांजपे, राधवेंद्र राव और के.एन. शर्मा।

गिरीश कारनाड, प्रेमलता शर्मा, के.डी. त्रिपाठी : नाट्यशास्त्र संगोष्ठी, दिल्ली

उत्सव
संगीतोत्सवः हैदराबाद

संगीतोत्सव युवक पीढ़ी के संगीतकारों और नर्तकों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करके उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए अकादेमी द्वारा आयोजित समारोह शृंखला की एक कड़ी था। इस समारोह शृंखला में अब तक 250 से अधिक युवा संगीतज्ञों और नर्तकों को पिछले उत्सवों में प्रस्तुत किया जा चुका है जो पुणे, त्रिवेंद्रम, जमशेदपुर, भुवनेश्वर, शिमला, दिल्ली, मद्रास, कानपुर, जयपुर, और बंगलौर में आयोजित किए गए थे। पिछले वर्षों में, ये उत्सव प्रतिभाशाली युवा संगीतज्ञों और नर्तकों के लिए प्रदर्शन अवसरों को बढ़ाने में और उन्हें राष्ट्रीय स्तर के दर्शक वर्ग के समक्ष प्रस्तुत करने में सफल हुए हैं।

सांस्कृतिक कार्य विभाग, आन्ध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से हैदराबाद में 18 से 22 अगस्त, 1992 तक आयोजित शास्त्रीय संगीत के उत्सव में देश के विभिन्न भागों के युवा पीढ़ी के संगीतकारों को प्रस्तुत किया गया था। कार्यक्रम निम्न प्रकार था:

18 अगस्त:

नागस्वरम: टी.ए.पी. रवि शंकर एवं दल

गायन (कर्नाटक): एस. नित्यश्री, मद्रास

सितार: शुभेंद्र राव, दिल्ली

गायन (कर्नाटक): डी. शेषाचारी एवं डी. राघवाचारी (हैदराबाद बंधु)

19 अगस्त:

पखावज संगम: राज खुशीराम, राजकुमार झा, जगदम्बा पांडे, विजय रामदास

गायन (कर्नाटक): के. वागीश, दिल्ली

गिटार (हिन्दुस्तानी): एस. कमला, वाराणसी

गायन (हिन्दुस्तानी): मधुप मुद्गल, दिल्ली

20 अगस्त:

पुंग चोलम: जवाहर लाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी, इम्फ़ाल का दल

वीणा (कर्नाटक): पद्मा एस. थम्पूरण, निलामबुर (केरल)

सरोद: देवज्योति बोस, कलकत्ता

गायन (कर्नाटक): सुधा रघुनाथन्-मद्रास

21 अगस्त

गायन (हिन्दुस्तानी): देवकी एस. पंडित, बंबई

गोट्टूवाद्यम : ए. दुर्गा प्रसाद, विजयवाड़ा

बांसुरी (हिंदुस्तानी): नित्यानंद हल्दीपुर, बंबई

गायन (हिंदुस्तानी) : मुजाहिद हुसैन ख़ाँ, दिल्ली

22 अगस्त

मिझावू: के.के. उन्नीकृष्णन नाम्बियार एवं एन. रमण उन्नी

बांसुरी (कर्नाटक): टी. शशिधर, गुंटूर

गायन (हिंदुस्तानी) : संजीव अभ्यंकर, पुणे

सुरबहार: पुष्पराजकोश्टी, बंबई

देवज्योति बोस : संगीतोत्सव, हैदराबाद

संगीत नृत्य समारोह: पुणे

शास्त्रीय संगीत और नृत्य का यह उत्सव संस्कृति विभाग, महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से 25 से 27 सितंबर 1992 को आयोजित किया गया था। इसमें पिछले वर्षों के अकादेमी के पुरस्कार से सम्मानित बहुत से विख्यात कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम निम्न प्रकार था:

25 सितंबर

के.वी. नारायण स्वामी: गायन (कर्नाटक)
वेल्लोर जी. रामभद्रन (मृदंगम) के साथ
पद्मा सुब्रह्मण्यम्: भरतनाट्यम

26 सितंबर

टी.टी. रमणकुट्टी नायर, केरल कलामंडलम् दल के साथ: कथकली
दोराइस्वामी वी. आयंगर: वीणा (कर्नाटक)
पालघाट आर. रघु (मृदंगम) के साथ
जितेंद्र अभिषेकी: गायन (हिंदुस्तानी)

27 सितंबर

रामनारायण: सारंगी
केलुचरन मोहपात्र: ओडिसी
बाबू सिंह और शिष्य: पुंग चोलम एवं वसंत रास (मणिपुरी),
जवाहर लाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी, इम्फ़ाल द्वारा प्रस्तुत।

पद्मा सुब्रह्मण्यम् : संगीत नृत्य समारोह, पुणे

दोराइस्वामी वी. आयंगर : संगीत नृत्य समारोह, पुणे

लोक उत्सव' 92: दिल्ली

नौवें लोक उत्सव का आयोजन 1 नवंबर से 3 नवंबर, 1992 तक रवींद्र भवन प्रांगण में किया गया था। इस उत्सव में देश भर के कलाकारों और दलों ने परंपरागत संगीत, नृत्य और नाटक के 15 प्रदर्शन प्रस्तुत किए।

उत्सव में प्रस्तुत संगीत में असम, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के लोक-गीत और उत्तरी और दक्षिणी भारत के आघात वाद्य-नगाड़ा, नक्कारा और घटम सम्मिलित थे। नृत्यों में कड़घम-तमिलनाडु में मरियम्मन की उपासना से संबंधित एक आनुष्ठानिक उपचार-और किन्नौर, हिमाचल प्रदेश का लोक नृत्य थे। तमिलनाडु का तेरूकुत्तू, कर्नाटक का यक्षगान और केरल का कृष्णाट्टम प्रस्तुत किए गए। आख्यान और पंडवानी-गुजरात और मध्य प्रदेश के कथा गायन भी कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए।

नौवें लोक उत्सव में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित अनेक कलाकारों ने प्रदर्शन किए: रामकृष्ण सोलंकी, धर्मिक लाल पंड्या, प्रतिमा बरुआ पांडे, पुरीसई कन्नप्पा तम्बीरन, सिद्दीक मांगणियार एवं साकर खान मांगणियार, टी. एच. विनायक राम और पूनाराम निषाद।

उत्सव में प्रस्तुत बहुत से प्रदर्शनों को, स्पिक-मैके के सहयोग से दिल्ली के विभिन्न स्कूलों और कालिजों में पुनः प्रस्तुत किया गया।
उत्सव का कार्यक्रम इस प्रकार था:

1 नवंबर

नगाड़ा, राजस्थान: रामकृष्ण सोलंकी और साथी;
आख्यान, गुजरात: धर्मिकलाल पंड्या;

लोक गीत, असम: प्रतिमा बरुआ पांडे;
तेरूकुत्तू, तमिलनाडु: पुरीसई कन्नप्पा तंबीरन।

2 नवंबर

नक्कारा उत्तर प्रदेश : अत्तन खाँ एवं साथी;
लोक संगीत, राजस्थान : सिद्दीक मांगणियार एवं साकर खाँ मांगणियार;
कड़घम, तमिलनाडु : तमिलनाडु कड़घम दल;
यक्षगान, कर्नाटक : इदागुंजी महागणपति यक्षगान मंडली (केरेमाने शंभु हेगड़े के नेतृत्व में)

3 नवंबर

किन्नरी वीणा; हिमाचल प्रदेश : हीरादास एवं दल;
लोकगीत, हिमाचल प्रदेश : बासंती देवी,
लोक नृत्य, किन्नौर (हिमाचल प्रदेश) : थांगी दल;
घटम, तमिलनाडु : टी.एच. विनायकराम एवं साथी;
पंडवानी, मध्य प्रदेश : पूनाराम निषाद;
अष्टपदी गीत, केरल : जनार्दनन नेडुनगदी;
कृष्णाट्टम, केरल गुरूवयूर देवासम ट्रुप।

पूनाराम निषाद (पंडवानी मध्य प्रदेश): लोक उत्सव, **दिल्ली**

कृष्णाट्टम, केरल : लोक उत्सव, दिल्ली

भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह : दिल्ली

इस उत्सव का आयोजन 27 फरवरी से 16 मार्च, 1993 तक भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् और संगीत नाटक अकादेमी ने संयुक्त रूप से किया था। इस उत्सव में प्रदर्शनों, "चेंजिंग पर्सपेक्टिव्ज़ इन म्यूजिक" पर एक संगोष्ठी, कार्यशालाएं और एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उत्सव में भारतीय प्रदर्शनों को प्रस्तुत करने, संगोष्ठी, कार्यशालाएं और प्रदर्शनो के आयोजन का उत्तरदायित्व अकादेमी को सौंपा गया था। उत्सव में अठारह देशों ने भाग लिया, जिन्होंने दिल्ली तथा भारत के अनेक अन्य नगरों में संगीत समारोह प्रस्तुत किए। उत्सव के दौरान अन्य देशों से आए संगीतज्ञों ने बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, बंगलौर, हैदराबाद, पुणे, गोवा और चंडीगढ़ में प्रदर्शन किए। भारत के शास्त्रीय संगीतकारों ने दिल्ली, बम्बई, बंगलौर, और पुणे में प्रदर्शन किए जबकि देश के विभिन्न भागों के लोक संगीतकारों ने कलकत्ता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। सीरी फोर्ट सभागृह में आयोजित प्रदर्शनी में पिछले सौ वर्षों की महत्त्वपूर्ण घटनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, विशेष रूप से उन प्रौद्योगिकीय प्रगतियों पर, जिन्होंने विश्व भर की संगीत-बंधुता को प्रभावित किया है। इस प्रदर्शनी से भास्कर चंदावरकर कला निदेशक के रूप में जुड़े हुए थे।

नई दिल्ली में उद्घाटन-समारोह में तालवाद्य कचहरी प्रस्तुत किया गया जिसमें तबला, मृदंगम, घटम, कंजीरा, नक्कारा, ढोलक आदि के साथ शहनाई वादकों का दल भी सम्मिलित था। यह देश के कुछेक प्रख्यात प्रतिपादकों द्वारा प्रस्तुत किया गया था जिसमें टी.एच. विनायकराम (घटम), शफ़ात अहमद खाँ (तबला), दया शंकर (शहनाई) अत्तन खान (नक्कारा) और भक्तवत्सलम् (मृदंगम) शामिल थे। सीरी फोर्ट सभागृह, नई दिल्ली में आयोजित समापन समारोह में अमजद अली ख़ां के सरोद वादन और एल. सुब्रह्मण्यम के वायलिन वादन के साथ ही रूस के निकोलाई पानोव दल ने एल. सुब्रह्मण्यम के वायलिन वादन के साथ संयुक्त रूप से वाद्य संगीत का एक नूतन प्रक्रियात्मक प्रायोगिक प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

गंगूबाई हंगल, भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह

''चेंजिंग पर्सपेक्टिव्ज़ इन म्यूज़िक : एन एनालिसिस ऑफ ट्रांसफोर्मेशंस् फ्राम ट्रेडीशनल फ़ोर्म्स टू प्रेजेंट ट्रेंड्स'' विषय पर एक संगोष्ठी 1 से 3 मार्च, 1993 तक फ़िक्की, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। बहुत से भारतीय संगीत-शास्त्रियों और विद्वानों के अलावा, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, जापान, स्लोवाकिया और कोलंबिया से आए विद्वानों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में निम्नलिखित विषय सम्मिलित थे:

1. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एंड ट्रेडीशनल म्यूजिक
2. फ़्यूजन : हू वांट्स इट?
3. न्यू टैक्नोलॉजी-न्यू ईस्थेटिक्स
4. वॉयस इन म्यूजिक-पास्ट, प्रेजेंट एंड फ़्यूचर
5. वीमेन इन म्यूज़िक
6. आर्ट म्यूजिक : मार्किट फोर्सिस या पेट्रोनेज

सुषिर वाद्य (5 और 6 मार्च) और तालवाद्य (9 और 10 मार्च) कार्यशालाओं का आयोजन त्रिवेणी चेम्बर थिएटर, नई दिल्ली में किया गया था ताकि उत्सव में भाग लेने वाले कलाकार संबंधित शैलियों में विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकें। सुषिर वाद्य कार्यशाला में कोमल कोठारी ने राजस्थान के लोक कलाकारों, सिक्किल बहनों और प्रकाश वधेरा के साथ और ताल वाद्य कार्यशाला में गोविंद चक्रवर्ती, टी.एच. विनायकराम और सिंहजीत सिंह ने मणिपुर के ढ़ोल वादकों के साथ भाग लिया। अन्य देशों से आए सुषिर वाद्य और ताल वाद्य कलाकारों ने भी इन कार्यशालाओं में भाग लिया। सुषिर वाद्यों में वियना बांसुरी वादकों और संयुक्त राज्य अमेरिका की टिमोथी हॉफमैन ने और तालवाद्य कार्यशाला में वेनेज्युलियाई आर्किस्ट्रा और हंगेरियाई लोक दल ने भाग लिया। इन कार्यशालाओं का संचालन कला निदेशक भास्कर चंदावरकर, ने किया।

भीम सेन जोशी, भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह

अमजद अली ख़ाँ, भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह

मणि कृष्णास्वामी, भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह

कठपुतली कार्यशाला/समारोह उदयपुर

कठपुतली कार्यशाला/समारोह का आयोजन 21 से 25 नवंबर 1992 तक भारतीय लोक कला मंडल, उदयपुर में राजस्थान संगीत नाटक अकादेमी, जोधपुर और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के सहयोग से किया गया। राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश, असम, पश्चिमी बंगाल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु के पुतली कलाकारों ने आमंत्रित विशेषज्ञों और विद्वानों के साथ इस समारोह में भाग लिया। परंपरागत डोरी पुतलीकला पर ध्यान केंद्रित करते हुए कार्यशाला/समारोह में राजस्थान और गुजरात की कठपुतली, पश्चिम बंगाल की सूतो पुतुल, असम का पुतुल नाच, आंध्र प्रदेश का तोलू बोम्मलाट्टा, कर्नाटक का गोम्बिआट्टा और तमिलनाडु का बोम्मलाट्टम आदि धागा पुतली के रूपों का प्रदर्शन किया गया।

कार्यशाला सत्रों में विभिन्न क्षेत्रों के उत्कृष्ट पुतली कलाकारों ने अपनी हस्तकौशल तकनीकों का प्रदर्शन किया। जिन अन्य पक्षों पर ध्यान केंद्रित किया गया उनमें पुतली निर्मिति, रंगमंच निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और पंरपरागत पुतली कला के नए विषय सम्मिलित हैं। इस आयोजन में भाग लेने वाले पुतली कलाकारों को अन्य रूपों की पुतली कला को देखने का अवसर प्राप्त हुआ और वे अपनी कला के विकास के लिए विचारों और तकनीकों का आदान-प्रदान करने में सफल हुए। परंपरागत पुतली कलाकारों के अतिरिक्त कार्यशाला में सुरेश दत्ता, दादी पदम जी, जी. वेणु और कुछ अन्य आधुनिक पुतली कलाकारों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का संचालन प्रख्यात लोक संगीतशास्त्री कोमल कोठारी ने किया।

समारोह के प्रदर्शन भारतीय लोक कला मंडल के पुतली रंगमंच सभागृह में सायंकाल में प्रस्तुत किए गए थे। सभी दलों द्वारा उदयपुर के अनेक सीमावर्ती गांवों में प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए।

कार्यशाला और उत्सव कार्यक्रम निम्न प्रकार थे:

कठपुतली कार्यशाला

22 नवंबर

स्वागत : उषा मलिक, सचिव, संगीत नाटक अकादेमी
संयोजक भाषण : कोमल कोठारी
कठपुतली (राजस्थान) : कोमल कोठारी
सूतो पुतुल (प. बंगाल) : सुरेश दत्ता, सुशांत हालदार एंव दल के साथ
नूल पावाकुत्तू (केरल) : जी. वेणू

23 नवंबर

पुतुल नाच (असम) : छबिन राजखोवा
गोम्बिआट्टा (कर्नाटक) : ए. दत्तात्रेय एवं दल
कठपुतली (राजस्थान) : अजय पाल

24 नवंबर

तोलू बोम्मलाट्टा (आंध्र प्रदेश) : श्रीनिवास राव एवं विजयलक्ष्मी राव
कठपुतली (गुजरात) : महीपत कवि एवं दल
कठपुतली (राजस्थान) : श्याम लाल माली

25 नवंबर

बोम्मलाट्टम् (तमिनलाडु) : वेंकट स्वामीनाथन, टी, शंकरनाथन एवं दल के साथ
''मैरिएनेट्स ऑफ इंडिया - एन ऑबजर्वेशन'' : दादी पदम जी
खुला सत्र /उपसंहार : कोमल कोठारी (अध्यक्ष)

कठपुतली उत्सव

21 नवंबर

कठपुतली (गुजरात) : महीपत कवि एवं दल, अहमदाबाद
कठपुतली (राजस्थान) : बाबू लाल भाट एवं दल, दिल्ली

22 नवंबर

गोम्बिआट्टा (कर्नाटक) : ए. दत्तात्रेय एवं दल, बंगलौर
कठपुतली (मध्य प्रदेश) : लक्ष्मण भारती एवं दल, भोपाल
कठपुतली (राजस्थान) : प्रेम भाट एवं दल, जोधपुर

23 नवंबर

पुतुल नाच (असम) : छबिन राजखोवा एवं दल, गुवाहाटी
कठपुतली (राजस्थान) : छज्जू लाल एवं दल, जोधपुर

पुतली कार्यशाला : असम का पुतुल नाच

पुतली कार्यशाला : कर्नाटक का गोम्बिआट्टा

पुतली समारोह : राजस्थान की कठपुतली

पुतली कार्यशाला : तमिलनाडु का बोम्मलाट्टम

कठपुतली (**राजस्थान**) **: हरजी भाट एवं दल,**
जोधपुर

24 नवंबर

बोम्मलाट्टम् (तमिलनाडु) : टी. शंकरनाथन एवं दल, कुंभकोणम

कठपुतली (राजस्थान) : खैराती राम एवं दल, जैसलमेर

कठपुतली (राजस्थान) : राजस्थान कठपुतली लोक कला संस्थान, अजमेर

25 नवंबर

कठपुतली (राजस्थान) : भारतीय लोक कला मंडल, उदयपुर

कठपुतली (राजस्थान) : हरजी भाट एवं दल, जोधपुर

पुतली कार्यशाला: दादी पदमजी अपनी एक पुतली के साथ

युवा रंगकर्मियों को सहायता

इस योजना का उद्देश्य प्रयोगात्मक रंगमंच में सक्रिय युवा निर्देशकों को सहायता प्रदान करना है। अकादेमी अपने चार वार्षिक संभागीय नाट्य समारोहों में प्रदर्शित प्रस्तुतियों को सहायता प्रदान करती है और फिर राष्ट्रीय नाट्य समारोह के लिए चुने हुए नाटकों को भी सहायता प्रदान करती है। वर्ष 1984 से अब तक इन समारोहों में 179 नए नाटक प्रस्तुत किए जा चुके हैं। संभागीय समारोहों में भाग लेने के लिए प्राप्त आवेदनों पर पूरे देश से चुने गए निर्देशकों, नाटककारों, रंगकर्मियों और समालोचकों की एक विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार करके चयन किया जाता है। केवल नई प्रस्तुतियों पर ही विचार किया जाता है।

विशेषज्ञ समिति (1992-93) में निम्नलिखित सदस्य थे: श्यामानंद जालान, शमिक बनर्जी, किरणमय राहा, विभाष चक्रवर्ती, रुद्र प्रसाद सेनगुप्ता, कुमार राय, मनोरंजन दास, एच. कन्हाईलाल, रतन थियम, दुलाल राय, सत्य प्रसाद बरुआ, एन.सी. जैन, प्रतिभा अग्रवाल, मोहन महर्षि, नीलम मानसिंह चौधरी, सतीश आनंद, मुद्राराक्षस, कमलेश दत्त त्रिपाठी, रामनाथ शास्त्री, बी.एम. शाह, राजिन्दर नाथ, जे.एन. कौशल, गोवर्धन पांचाल, मार्कण्ड भट्ट, विनायक खेडेकर, प्रभात कुमार भट्टाचार्य, दामू केंकरे, महेश एलकुंचवार, सतीश आलेकर, भानु भारती, रणवीर सिंह, बंसी कौल, हबीब तनवीर, चतला श्रीरामलु, एम. नागभूषण शर्मा, बी.वी. कारंत, चंद्र शेखर कंबार, कीर्तिनाथ कुर्तकोटि, के.एम. पाणिक्कर, पाल जैकब, के.एस. नारायण पिल्लै, एस. रामानुजम, इंदिरा पार्थसारथी, एम. मुत्तुस्वामी।

संभागीय नाट्य समारोह राज्य संगीत नाटक अकादमियों, संस्कृति विभागों और क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों के सहयोग से आयोजित किए जाते हैं। समारोहों के दौरान प्रत्येक दिन एक सत्र में प्रस्तुत नाटकों पर आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा परिचर्चा आयोजित की जाती थी।

उत्तरी संभाग नाट्य समारोह, हिसार

उत्तरी संभाग नाट्य समारोह उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला और सांस्कृतिक मामलों का विभाग, हरियाणा के सहयोग से 5-9 सितंबर, 1992 को आयोजित किया गया था। इस समारोह में हिंदी, डोगरी, पहाड़ी, पंजाबी और भूटिया की पांच नई प्रस्तुतियों मंचित की गई:

5 सितंबर
तकिया (हिंदी): निर्देशक-चित्रा मोहन; दर्पण, लखनऊ।

6 सितंबर
महराखे (डोगरी) : निर्देशक-मुश्ताक काक; एमेट्युअर थिएटर ग्रुप, जम्मू।

7 सितंबर
बा मुलाहीजा होशियार (पहाड़ी/हिन्दी) : निर्देशक-भूपेंद्र शर्मा; समन्वय, शिमला।

8 सितंबर
लूणा (पंजाबी) : निर्देशक-केवल धालीवाल; मंच रंगमंच, अमृतसर।

9 सितंबर
ब्लड ब्रदरहुड (भूटिया): निर्देशक-पिंटसो चोपाल; सिक्किम ट्राइबल यूथ एसोसिएशन, गैंगतोक।

दक्षिणी संभाग नाट्य समारोह, हैदराबाद

दक्षिणी संभाग समारोह 9-13 दिसंबर, 1992 को आयोजित किया गया था। इसका आयोजन सांस्कृतिक विभाग, आंध्र प्रदेश के सहयोग से किया गया। समारोह में तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ की पांच नई प्रस्तुतियाँ पेश की गई थीं।

9 दिसंबर
चेकूमुकी रव्वालू (तेलुगु) : निर्देशक-नेथाला हरीशचन्द्र; नाट्य भारती, विशाखापत्तनम।

10 दिसंबर
उरुलम पराइहल (तमिल) : **निर्देशक-पी. चंद्रन;** सुदेसिहाल, मदुरै।

11 दिसंबर
ऊरूभंग (कन्नड़) : निर्देशक-एस. सुरेंद्रनाथ; प्रयोग रंग, बंगलौर।

12 दिसंबर
ऊसी (तमिल) : निर्देशक-वी. अरुमुघम; थलाई-कोल, पांडिचेरी।

13 दिसंबर
कुचेल गाथा (मलयालम) : निर्देशक ए. अच्युतन; थिएटर ग्रुप, कालिकट।

पश्चिमी संभाग नाट्य समारोह, बड़ौदा

पश्चिमी संभाग नाट्य समारोह 23-27 दिसंबर को पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर और गुजरात संगीत नाटक अकादमी, गांधी नगर के सहयोग से आयोजित किया गया था जिसमें गुजराती, मराठी, हिंदी और राजस्थानी की चार नई प्रस्तुतियाँ मंचित की गई।

23 दिसंबर
राई नो दर्पण राई (गुजराती) : निर्देशक-पणिसाई शेषाद्री चारी; त्रिवेणी, बड़ौदा।

24 दिसंबर
अग्निहोत्र (मराठी) : निर्देशक-प्रसाद एस. गुरव; यंग स्टार्स, गोवा।

26 दिसंबर
बड़ा दिलवाला (मराठी) : निर्देशक-राजीव वी. शिंदे; कला वैभव, बंबई।

27 दिसंबर
दूधाँ का बलिदान (हिंदी/राजस्थानी) : निर्देशक-साबिर खां; त्रिमूर्ति, जयपुर।

पूर्वी संभाग नाट्य समारोह, कटक

पूर्वी संभाग नाट्य समारोह का आयोजन 20-24 फरवरी, 1993 को संस्कृति विभाग, उड़ीसा सरकार के सहयोग से किया गया था। इस समारोह में असमिया, बंगाली, हिंदी/भोजपुरी, मणिपुरी और उड़िया में पांच प्रस्तुतियां मंचित की गई:

20 फरवरी
कथा (उड़िया) : निर्देशक-सुबोध पटनायक; नाट्य चेतना, भुवनेश्वर।

21 फरवरी
बाकी इतिहास (बंगाली) : निर्देशक-ज्योति बोस; सूत्रपात, कलकत्ता।

22 फरवरी
रंग भूमि (हिंदी/भोजपुरी) : निर्देशक-एस.के. सिंह, सिंदरी यूथ क्लब, बिहार।

23 फरवरी
अस्थेय (असमिया) : निर्देशक बापुंती बोर्दोलोई; अग्निगृह कलाक्षेत्र, असम।

24 फरवरी
नोंगखोंग कोइबा (मणिपुरी) : निर्देशक-एस.के. मंगांग; अपुनबा सकताम आर्टिस्ट एसोसिएशन, इम्फाल।

महाभोज (डोगरी) : निर्देशक-बलवन्त ठाकुर, राष्ट्रीय नाट्य समारोह, बंगलौर

नाट्य समारोह 1992 : बंगलौर

20 से 22 मार्च, 1993 तक आयोजित नौवें राष्ट्रीय नाट्य समारोह में युवा रंगकर्मियों को सहायता योजना के अधीन वर्ष 1992-93 में आयोजित चार संभागीय नाट्य समारोहों में प्रस्तुत नाटकों में से चुने हुए तीन नाटक प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम निम्न प्रकार था:

20 मार्च

'लूणा' (पंजाबी) : निर्देशक-केवल धालीवाल; मंच रंगमंच, अम्बाला।

21 मार्च

'नोंगखोंग कोइबा' (मणिपुरी) : निर्देशक-एस.के. मंगांग; अपुनबा सकताम आर्टिस्ट एसोसिएशन, इम्फाल।

22 मार्च

'उरुभंग' (कन्नड़) : निर्देशक-सुरेंद्रनाथ; प्रयोग रंग, बंगलौर।

इसके अतिरिक्त, समारोह के दौरान अकादमी की 'युवा रंगकर्मियों को सहायता' योजना के अंतर्गत पिछले वर्षों में खेले गए निम्न नाटक भी प्रस्तुत किए गए:

चक्रव्यूह (मणिपुरी) : निर्देशक-रतन थियम; कोरस रेपरटरी थिएटर, इम्फाल।
हरीश चन्नर की लड़ाई (हिंदी) : निर्देशक-उर्मिल कुमार थपलियाल; दर्पण, लखनऊ।
उलझन (हिंदी) : निर्देशक-अवतार साहनी; आदि मंच, अम्बाला।
इमा केईथेल (मणिपुरी) : निर्देशक-प्रेम चंद; द आर्यन थिएटर, इम्फाल।
चंदा बेड़नी (बुंदेली) : निर्देशक-अलखनंदन; नट बुंदेले, भोपाल।
महाभोज (डोगरी) : निर्देशक-बलवंत ठाकुर, नटरंग, जम्मू।

बंगलौर में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य समारोह के साथ ही संगीत नाटक अकादेमी और कर्नाटक नाटक अकादमी ने कर्नाटक में बंगलौर, धारवाड़, बेलगांव, बीजापुर और गुलबर्गा में फरवरी-मार्च, 1993 में लघु समारोहों की शृंखला का आयोजन किया।

इमा कैथल (मणिपुरी) : निर्देशक-प्रेमचन्द, राष्ट्रीय नाट्य समारोह, बंगलौर

दुर्लभ कला रूपों का संवर्धन और परिरक्षण

संगीत में प्रशिक्षण कार्यक्रम

कर्नाटक गायन और वाद्य संगीत में दो नए उच्च प्रशिक्षण कार्यक्रम अक्तूबर 1992 से प्रारंभ किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम मद्रास में मदुरै एन. कृष्णन की देखरेख में आरिआकुड़ी परंपरा का कर्नाटक गायन और कांचीपुरम में पी. चिन्नप्पा की देखरेख में ताविल वादन के कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। प्रत्येक गुरू के अधीन चार-चार शिष्यों को गहन प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रखा गया है।

इसी कार्यक्रम के अंतर्गत साबरी खां और इंदर लाल धांधरा से सारंगी में, रामशंकर दास पागलदास से पखावज़ में और अत्तन खां से नक्कारा में प्रशिक्षण पा रहे शिष्यों की प्रगति का आकलन करने के लिए इस अवधि के दौरान ध्वनि-परीक्षणों का आयोजन किया गया। नए प्रशिक्षणार्थियों के साथ लाचप्पा पिल्लै के अधीन नागस्वरम् में प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी रहा। ये गैर-संस्थागत प्रशिक्षण कार्यक्रम अकादेमी की पारंपरिक प्रदर्शन कलाओं के दुर्लभ रूपों का संवर्धन और परिरक्षण योजना के अधीन चलाए जाते हैं जिसका उद्देश्य पारंपरिक गुरू शिष्य परम्परा के अन्तर्गत संगीत, नृत्य और नाटक के उन रूपों को बनाए रखना है जो अब प्रचलन में नहीं हैं। प्रोत्साहन के रूप में अकादेमी प्रतिष्ठित शिक्षकों को फीस और छात्रों को वजीफे प्रदान करती है। पिछले वर्षों में 25 प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अकादेमी द्वारा सहायता प्रदान की गई है।

नृत्य एवं संगीत में विशिष्ट प्रशिक्षण के राष्ट्रीय केन्द्र

बदलते हुए समाजार्थिक पर्यावरण के कारण जिन प्रदर्शनकारी-कला परंपराओं को जोखिम का सामना करना पड़ रहा है उनके परिरक्षण के लिए एक नई आयोजनागत योजना चलाई गई है। इस योजना के अन्तर्गत केरल के शास्त्रीय नाट्य रूप कूडियाट्टम, को प्राथमिकता दी गई है। कूडियाट्टम के परिरक्षण के लिये एक 'टोटल-केअर-प्लान' को अपनाया गया है जिसकी दो महत्वपूर्ण शाखाएं बनाई गई हैं ताकि वयोवृद्ध गुरुओं से युवा पीढ़ी वर्ग के कलाकारों में उक्त कला का क्रमिक प्रसार तथा कूडियाट्टम का प्रदर्शन नियमित रूप से वर्षभर में आयोजित कराना सुनिश्चित हो सके; साथ ही कलाकारों को जीविकोपार्जन करने के लिए आर्थिक सुविधा दी जा सके। इसके अतिरिक्त यह भी उद्देश्य है कि उनके लिए अपेक्षाकृत अनुकूल वातावरण बनाया जा सके तथा कला के लिए दर्शकों में अभिरुचि पैदा की जा सके।

कूडियाट्टम में प्रशिक्षण देने के लिए अकादेमी ने इरिंजलाकुड़ा में अम्मानुर चाचु चाक्यार स्मारक गुरुकुलम का चयन कर लिया है तथा गुरु पी.के. नारायणन् नाम्बियार को मिढ़ावु-वादन में प्रशिक्षण देने का कार्यभार सौंपा गया है। इसके साथ ही, त्रिवेन्द्रम स्थित मार्गी को कूडियाट्टम प्रदर्शन के लिए एक प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की गई है। आर्थिक व्यवस्था के अन्तर्गत अध्यापकों को पारिश्रमिक, छात्रों को छात्रवृत्तियां/वजीफे तथा प्रदर्शन सहायता देने का प्रावधान है। इस कार्यक्रम को अप्रैल, 1991 में शुरू किया गया था।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

अंतर-राज्यीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

इस कार्यक्रम का उद्देश्य कलाकारों के दलों और व्यष्टि कलाकारों के पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देकर हमारी प्रदर्शनकारी कलाओं की परंपरा के बारे में एकीकृत जागरूकता पैदा करना है। इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करने का दायित्व राज्य सरकारों का है, अकादेमी आदान-प्रदान कार्यक्रम में संबंधित सरकारों को परामर्श देकर, प्रायोजित दौरों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करके और उनमें समन्वय स्थापित करके महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रत्येक वर्ष राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श करके आदान-प्रदान कार्यक्रम तैयार किए जाते हैं।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों का 16वां वार्षिक सम्मेलन शिलांग में 26-27 अप्रैल, 1992 को आयोजित किया गया था। सम्मेलन में 19 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिनमें समस्त सात उत्तर-पूर्वी राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। सम्मेलन में वर्ष 1991-92 के अंतर-राज्यीय आदान-प्रदान कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और वर्ष 1992-93 के लिए आदान-प्रदान कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आयोजित अंतर-राज्य दौरे निम्न प्रकार हैं:

1. गुजरात के एक संगीत और नृत्य दल ने 13 से 23 जून तक केरल का दौरा किया। प्रदर्शन; त्रिवेंद्रम, क्यूलोन, कोट्टायम, इदूक्की, त्रिचूर, पालक्कड।

2. केरल के एक 31 सदस्यीय दल ने 9 से 18 जून तक हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन: शिमला, बिलासपुर, मनाली, कुल्लू, हमीरपुर, धुमारवी।

3. सिक्किम के एक 32 सदस्यीय लोक नृत्य दल ने 24 से 30 जून तक अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन: इटानगर, नहरलागुन, पासीघाट।

4. मणिपुर के एक 30 सदस्यीय दल ने 22 जुलाई से 11 अगस्त तक हिमाचल प्रदेश और हरियाणा का दौरा किया। प्रदर्शन: शिमला, चंबा, धर्मशाला, हमीरपुर, सुंदरनगर, चंडीगढ़, अम्बाला, यमुनानगर, मधुवन, सोनीपत, कुंजापुरा।

5. बिहार के एक 28 सदस्यीय दल ने 21 से 29 अक्तूबर तक नागालैण्ड और 30 अक्तूबर से 6 नवंबर तक मिज़ोरम का दौरा किया। प्रदर्शन: दीमापुर, कोहिमा, चुमुकेडिमा, वोखा, वाईवाकान, फालकान, चल्तलांग, जेमावाक, कोलासिव।

6. पंजाब के एक 28 सदस्यीय लोक संगीत और नृत्य दल ने 9 से 16 अक्तूबर तक मणिपुर का दौरा किया। प्रदर्शन: खुराई दमलोंग, मौरांग, चंदेल, मयंग-इम्फाल, मंगसेंगई।

7. अरुणाचल प्रदेश के एक 38 सदस्यीय दल ने 11 से 18 अक्तूबर तक महाराष्ट्र का दौरा किया। प्रदर्शन: नासिक, औरंगाबाद, पुणे, बंबई, अहमदनगर।

8. महाराष्ट्र के एक 26 सदस्यीय दल ने 16 से 30 नवंबर तक, असम और अरुणांचल प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन: गुवाहाटी, नोगांव, गोलाघाट, सरूपाधर, सिबसागर, नजीरा, ईटानगर, दोईमुख, नहरलागन।

9. महाराष्ट्र के एक 27 सदस्यीय दल ने 25 नवंबर से 4 दिसंबर तक त्रिपुरा का दौरा किया। प्रदर्शन: कैलाशहर, धर्मनगर, अगरतल्ला, उदयपुर, खोवई, सोनामुरा।

10. मिज़ोरम के एक 36 सदस्यीय दल ने 18 से 24 नवंबर तक पंजाब का दौरा किया। प्रदर्शन: चंडीगढ़, पटियाला, जालंधर, खन्ना, मोहाली, सरहिंद।

11. मिज़ोरम के एक 36 सदस्यीय दल ने 24 से 30 नवंबर तक हरियाणा का दौरा किया। प्रदर्शन: चंडीगढ़, जींद, फतेहाबाद, गुड़गांव।

12. असम के एक 30 सदस्यीय दल ने 3 से 11 दिसंबर तक महाराष्ट्र का दौरा किया। प्रदर्शन: अमरावती, अकोला।

13. हिमाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय लोक संगीत और नृत्य दल ने 22 से 31 दिसंबर तक तमिलनाडु का दौरा किया। प्रदर्शन: मद्रास, नागापट्टीनम, पुडुकोट्टाई, रामनाथपुरम, डिंडीगल।

14. हिमाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय लोक संगीत और नृत्य दल ने 3 से 8 जनवरी 1993 तक दिल्ली का दौरा किया। प्रदर्शन: हौजखास, राजेंद्र प्लेस, लक्ष्मी नगर, कुतुब मीनार काम्प्लेक्स, पश्चिमी विहार, लोधी ऐस्टेट।

15. हिमाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय लोक संगीत और नृत्य दल ने 25 जनवरी से 3 फरवरी तक गोवा का और 4 से 14 फरवरी तक महाराष्ट्र का दौरा किया। प्रदर्शन: गोवा-मदकई, कदकीसत्तारी, पाइजीनिन, बिचोलिम, परसेम, धिविम, मालसेल, पंचवदी, कुदाई, कोल्हापुर, सांगली, कराड, अक्लुज, बम्बई।

16. मणिपुरी के एक 24 सदस्यीय नृत्य दल ने 5 से 12 फ़रवरी तक आंध्र प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन: करीमनगर, वारांगल, इलूरु, कुचिपुडी, मछलीपतनम, हैदराबाद।

17. दिल्ली के एक 16 सदस्यीय कथक नृत्य दल ने 4 से 13 फरवरी तक तमिलनाडु का दौरा किया। प्रदर्शन: मद्रास, कलपक्कम, तिरुवन्नामलाई, धर्मपुरी, कोयम्बटूर।

18. गोवा के एक 25 सदस्यीय दल ने 20 से 26 फरवरी तक उड़ीसा का दौरा किया। प्रदर्शन: बरहामपुर, अंगुल, संबलपुर, पुरी, भुवनेश्वर।

19. गोवा के एक 22 सदस्यीय दल ने 3 से 11 मार्च तक हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन: शिमला, पालमपुर, सुजानपुर, सुंदरनगर, मंडी, सुन्नी, रामपुर बुशेयर।

20. राजस्थान के एक 23 सदस्यीय लोक संगीत, नृत्य और कठपुतली दल ने 7 से 16 मार्च तक आंध्र प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन: नैल्लोर, तिरुपति, कुड्डापाह कुर्नूल, महबूबनगर, नलगौंडा।

21. तमिलनाडु के एक 22 सदस्यीय दल ने 6 से 12 मार्च तक दिल्ली का दौरा किया। प्रदर्शन: कुतुब मीनार, हौजखास, नार्दन रेलवे आफीसर्स क्लब, लक्ष्मी नगर, प्रसाद नगर, धौला कुआँ।

22. तमिलनाडु के एक 22 सदस्यीय दल ने 16 से 27 मार्च तक राजस्थान का दौरा किया। प्रदर्शन: अलवर, भीलवाड़ा, उदयपुर, सिरोही, जोधपुर।

23. आंध्र प्रदेश के एक 27 सदस्यीय दल ने 21 से 29 मार्च, 1993 तक गोवा का दौरा किया। प्रदर्शन: पणजी, उसगांव, चुरचोरम, काइसुआ, बेतोरा, वास्को, पोण्डा।

भारत और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

भारत तथा अन्य देशों के बीच होने वाले सांस्कृतिक करारों के अंतर्गत कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य करने की जिम्मेदारी अकादेमी पर है। अकादेमी इसमें मुख्यत: भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित सामग्री और सूचना प्रदान करने के निकासी गृह के रूप में, विभिन्न देशों की संस्थाओं के साथ पुस्तक, टेपों और अन्य प्रकाशित/पुरालेखी सामग्री का आदान-प्रदान करने का कार्य करती है। समय-समय पर अकादेमी विदेशों में भारतीय विशेषज्ञों और प्रदर्शनकारी कलाकारों के दौरों को प्रायोजित करती है और विदेशी विशेषज्ञों और कलाकारों को भारत में आमंत्रित करती है।

प्रतिवेदनावधि के दौरान निम्नलिखित सामग्री अन्य देशों की संस्थाओं को भेजी गई: भारत-फ्रांस सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत एसोसिएशन दे रिसर्च देस ट्रेडीशंस द इ एक्टुअर, पेरिस को नृत्य के प्रकाशन भेजे गए, और भारत-चीन सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत ओरिएंटल डांस आँसंबल, बीजिंग को छह वाद्य यंत्र भेजे गए।

भारत में चीन का उत्सव

संस्कृति विभाग की ओर से अकादेमी ने 1 से 10 दिसंबर 1992 तक दो चीनी विद्वानों, यथा - जी हुआयूँ (प्रमुख चीनी अभिनेत्री एवं नृत्य की शोधकर्ता: नृत्य संस्थान की निदेशक, चाइना आर्ट अकादेमी; सदस्य, अकादेमी कमीशन ऑफ चाइना आर्ट अकादेमी; "डांसिंग आर्ट्स" की प्रमुख सम्पादिका, सदस्या, राष्ट्रीय समिति, चाइनीज़ पीपुल्स पॉलिटिक्ल कंसल्टेटिव कांफ्रेंस) और वू बेन (म्यूजिक इंस्टीट्यूट ऑफ दी चाइनीज अकादेमी ऑफ आर्ट्स में रिसर्च फेलो) की भारत यात्रा का आयोजन किया। ये विद्वान दिल्ली के अतिरिक्त आगरा और बंबई भी गए जहाँ उन्होंने निम्नलिखित विषयों पर भाषण दिए: 1. फ्राम दुन हुआंग फ्रेसकॉस टू क्रिएटिड डांस "फ़्लाईग अप्सरा"; 2. चाइनीज डांसिज़; 3. इथोज ऑफ चाइनीज इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक, और 4. चाइनीज पीपा एंड साइनो-इंडियन म्यूजिकल एक्सचेंजिस।

वू बेन द्वारा व्याख्यान-प्रदर्शन

ज़ि हुआयूँ द्वारा व्याख्यान-प्रदर्शन

प्रकाशन

अकादेमी के प्रकाशन कार्यक्रम के अंतर्गत, जो वर्ष 1953 में अकादेमी की स्थापना के तुरंत बाद शुरू किया गया था, प्रदर्शनकारी कलाओं पर पुस्तकें तथा मोनोग्राफ, त्रैमासिक पत्रिका **संगीत नाटक,** तथा **अकादेमी न्यूज़ बुलेटिन** का प्रकाशन आता है। इसके अतिरिक्त संगीत, नृत्य और नाटक संबंधी प्रकाशनों के संवर्धन के लिए अकादेमी लेखकों को अनुदान प्रदान करती है और पुस्तकों की खरीद करके लेखकों और प्रकाशकों को आर्थिक सहायता के रूप में उन्हें नि:शुल्क वितरित करती है।

अकादेमी ने ज्यादातर अंग्रेजी और हिंदी में पुस्तकें प्रकाशित की हैं हालांकि कुछेक पुस्तकें मेईतेई और तमिल में भी प्रकाशित की गई हैं। (परिशिष्ट-5)

त्रैमासिक पत्रिका संगीत नाटक का प्रकाशन 1965 में प्रारंभ हुआ था; इसमें अकादेमी के पूर्व प्रकाशित बुलेटिन (वर्तमान एस.एन.ए. न्यूज़ बुलेटिन नहीं) को समाहित कर दिया गया था जो पहले अकादेमी का मुख -पत्र था। अब तब इस पत्रिका के 106 अंक निकाले जा चुके हैं जिनमें से पर्याप्त अंक संगीत, नृत्य और नाटक संबंधी विषयों के विशेषांक हैं। पिछले अट्ठाईस वर्षों से अधिक समय से निरंतर प्रकाशित होने वाली प्रदर्शन-कलाओं की यह पत्रिका कुछेक पत्रिकाओं में से एक है और इसमें विविध रूप की सामग्री का प्रकाशन किया गया है।

वर्ष 1965 में शुरू किए गए एस.एन.ए. न्यूज़ बुलेटिन में अकादेमी की गतिविधियों और कार्यक्रमों का उल्लेख होता है। यह एक नि:शुल्क पत्रिका है और बुलेटिन को प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित प्रतिष्ठित कलाकारों और संस्थाओं/व्यष्टियों को भेजा जाता है।

सभी भारतीय भाषाओं में प्रदर्शन-कलाओं पर पुस्तकें तथा पत्रिकाएं प्रकाशित करने के लिए अकादेमी की ओर से प्रकाशन अनुदान दिया जाता है। अकादेमी द्वारा प्रदान की गई सहायता से पर्याप्त संख्या में विविध प्रकार की पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। इनमें संगीत और नृत्य की दीपिकाएँ, जीवनियाँ, इतिहास, चयनिकाएँ और समीक्षात्मक पुस्तकें शामिल हैं। वार्षिक अनुदान के रूप में सहायता पाने वाली कुछेक पत्रिकाएं तो प्रदर्शन-कला के क्षेत्र में श्रेष्ठ पत्रिकाएं हैं।

इस अवधि के दौरान वितरित किए गए प्रकाशन अनुदान में निम्न सम्मिलित है: जनरल ऑफ द इंडियन म्यूजिकोलोजिकल सोसायटी, बड़ौदा के लिए 10,000/- रुपये; नटरंग, दिल्ली के लिए 10,000/- रुपये, बहुरूपी, कलकत्ता के लिए 15,000/- रुपये; श्रुति, मद्रास के लिए, 25,000/- रुपये; म्यूजिक एकेडेमी जरनल, मद्रास के लिए 5,000/- रुपये और टेगौर रिसर्च इंस्टीट्यूट, कलकत्ता को ''गीतबितान कलानुक्रमिक सूची'' पुस्तक के दूसरे संस्करण को मुद्रित करने के लिए 25,000/- रुपए।

प्रलेखन/प्रसार

गत वर्षों में, संगीत नाटक अकादेमी ने प्रदर्शनकारी कलाओं पर श्रव्य-टेपों, फोटोग्राफों और फिल्मों का एक बड़ा अभिलेखागार तैयार कर लिया है और वर्ष 1981 से इसमें वीडियो-टेपों को भी जोड़ा गया है। इस संग्रह में लगभग 5515 घंटों की श्रव्य रिकार्डिंग (टेप और वायर), 1500 घंटों की वीडियो रिकार्डिंग, 81700 श्वेत एवं श्याम तथा रंगीन फोटोग्राफ़, 24870 स्लाइडें और 1.45 लाख फीट से अधिक 16-एम.एम. मूक सामग्री प्रलेखन फ़िल्में हैं जिन्हें अकादेमी द्वारा निर्मित किया गया है। अधिकांश फ़ोटोग्राफ तथा रिकार्डिंग अकादेमी के प्रलेखीकरण एकक द्वारा तैयार की गई है और साथ ही इसमें विभिन्न स्रोतों से भी वृद्धि हुई है। संग्रहीत सामग्री का प्रचार श्रव्य/दृश्य को सुनने-देखने की व्यवस्था, संगीत डबिंग और फ़िल्म प्रोजेक्शन के द्वारा किया जाता है। अकादेमी के अभिलेखागार की सामग्री का व्यापक रूप से उपयोग विभिन्न प्रकाशनों, फ़िल्मों और दूरदर्शन के साथ-साथ भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं के अनुसंधान कार्यों में भी किया गया है। वर्ष 1992-93 के दौरान नई श्रव्य/दृश्य रिकार्डिंग की सूची (परिशिष्ट-4) में दी गई है।

बी.वी.के. शास्त्री के साथ आर. नागरत्नम्मा

सुधेन्द्र नारायण सिंह देव : सराइकेला छऊ प्रदर्शन

सुब्बाराय पिल्लै

ललित जे. रॉव के साथ दिलीप चन्द्र वेदी

सुधारानी रघुपति के साथ
किटप्पा पिल्लै (बाएं)

बेह-दीन-खलाम समारोह :
जोवई मेघालय

चन्द्र शेखर भंज : मयूर भंज
छऊ प्रदर्शन

संग्रहालय

अकादेमी अपने प्रारंभ से ही संगीत वाद्य-यंत्रों, मुखौटों एवं शिरस्त्राणों, पुतलियों और अन्य सामग्री का संग्रह करती आ रही है। फिर भी, व्यवस्थित रूप से सामग्री का संग्रहण वर्ष 1968 से ही प्रारंभ हुआ जब अकादेमी ने लोक और जनजातीय संगीत वाद्य-यंत्रों की एक मुख्य प्रदर्शनी का आयोजन किया। तब से संग्रहालय में नियमित रूप से पर्याप्त संग्रहण किया गया और इनमें संगीतज्ञों और अभ्यागत मंडलियों से उपहार के रूप में प्राप्त वस्तुएं भी शामिल हैं। अब संग्रहालय में लगभग 1250 वस्तुएं हैं जिनमें से 250 को गैलरी में प्रदर्शनार्थ रखा गया है जो मुख्य रूप में लोक, जनजातीय और शास्त्रीय संगीत वाद्य यंत्र हैं। इसमें मुखौटों, पुतलियों, पोशाकों और अन्य हस्तकृतियों का भी पर्याप्त संग्रह है।

संग्रहालय के संगीत वाद्य यंत्रों, मुखौटों, पुतलियों की हाल के वर्षों में देश तथा विदेश में कई प्रदर्शनियां भी लगाई गई हैं। इस प्रकार की प्रदर्शनियां जिन अवसरों पर लगाई गईं वे इस प्रकार हैं: संगीतोत्सव हैदराबाद (18-12 अगस्त, 1992); संभागीय नाट्य समारोह, हिसार (5-9 सितंबर, 1992); संगीत नृत्य समारोह, पुणे (25-27 सितंबर, 1992); लोक उत्सव, दिल्ली (1-3 नवंबर, 1992); भारत में चीन का उत्सव, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, दिल्ली (3-4 दिसंबर, 1992); अकादेमी पुरस्कार समारोह, हैदराबाद (3-8 फरवरी, 1993)।

भारत अंतर्राष्ट्रीय संगीत समारोह के अवसर पर सीरी फ़ोर्ट और कमानी सभागृह, नई दिल्ली में दो विषयगत विशेष प्रदर्शनियां आयोजित की गई थीं जो 'चेंजिंग पर्सपेक्टिव्ज़ इन म्यूज़िक' से संबंधित थीं।

संग्रहालय ने बहुत से दुर्लभ वाद्य यंत्र प्राप्त किए। इनमें मिराज का दुर्लभ तानपुरा, उत्तर प्रदेश के डमरू, हुड़खा, थाली तथा दमाऊ; उत्तर प्रदेश की पहाड़ियों की जोगी सारंगी, एक तंत्री वाद्य तथा सिंगी नाद नामक एक श्रृंगी सम्मिलित हैं। वस्तुओं का व्यवस्थित संख्यांकन, पुन: परिग्रहण और सूचीपत्र तैयार करने का कार्य शुरू किया गया। संग्रहालय की सामग्री के फ़ोटो लेने और फ़िल्म बनाने और साथ ही साथ उनके संबंध में सूचना प्रदान करने की सुविधाएं बहुत-सी एजेंसियों को प्रदान की गई।

नागफनी : गुजरात

पुस्तकालय

पिछले कई वर्षों में अकादेमी के पुस्तकालय में प्रदर्शनकारी कलाओं पर पुस्तकों का एक विशिष्ट संग्रह संगृहीत किया गया है, इनमें से बहुत-सी पुस्तकें ऐसी हैं जो या तो दुर्लभ हैं या जिनका प्रकाशन बन्द हो गया है। मुख्य रूप से प्रदर्शनकारी कलाओं के छात्रों और अनुसंधानकर्त्ताओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पुस्तकालय में देश-विदेश की लगभग 70 पत्र-पत्रिकाएं आती हैं और पुस्तकालय में अब कुल पुस्तकों की संख्या 19,282 है।

पुस्तकालय की सामग्री के वर्गीकरण, सूचीकरण और निर्देशीकरण को अवद्यन करने का कार्य पूरा कर लिया गया है।

सांस्कृतिक संस्थाओं और व्यक्तियों को वित्तीय सहायता

अकादेमी अपने स्थापना काल से ही संगीत,नृत्य और नाटक की संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती आ रही है। वित्तीय वर्ष 1992-93 कि दौरान अनुदान समिति ने देशभर से आए अनुदान आवेदन-पत्रों पर विचार किया और 228 सांस्कृतिक संस्थाओं को 28,55,000 रुपए के अनुदानों की सिफारिश की (परिशिष्ट-6)। अध्यक्ष की विवेकानुदान से 1,79,000 रुपए संस्वीकृत किए गए (परिशिष्ट-7)। वर्ष 1992-93 में शुरू की गई 'प्रदर्शन कलाओं में अनुसंधान के लिए व्यष्टियों को परियोजना अनुदान' योजना के अंतर्गत चार विद्वानों को 1,07,000 रुपए संस्वीकृत किए गए थे। (परिशिष्ट-8)। 'संगीत, नृत्य और नाटक के राष्ट्रीय एवं संभागीय उत्सवों की योजना के अधीन छ: संस्थाओं को कुल, 1,20,000 रुपए की राशि के अनुदान संस्वीकृत किए गए थे (परिशिष्ट-9)।

संगीत नाटक अकादेमी के रत्नसदस्यों तथा पुरस्कृत कलाकारों को स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत लाने की सुविधा

इस अवधि के दौरान अकादेमी ने 'ग्रुप मेडि-आइ-क्लेम पालिसी' (अस्पताल में रह कर तथा घर पर ही इलाज कराने की सुविधा संबंधी नीति) तथा पर्सोनल एक्सीडेण्ट इन्श्योरैन्स कवर योजना प्रारम्भ कर दी। इस योजना के अन्तर्गत 1.5 लाख रुपये तक का बीमा किया जाता है। इसका प्रीमियम अकादेमी द्वारा दिया जाता है।

बजट तथा लेखा

अकादेमी को अपनी सभी गतिविधियों पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए भारत सरकार के संस्कृति विभाग से सहायता-अनुदान प्राप्त होता है। अकादेमी का वित्त वर्ष 1992-93 का योजनेत्तर और योजनागत व्यय निम्न प्रकार था:

	बजट अनुमान 1992-93 रुपए	संशोधित अनुमान 1992-93 रुपए
योजनेत्तर	1,30,00,000	1,32,22,500
योजनागत	2,25,05,000	2,27,58,000

वार्षिक लेखाओं का समेकित विवरण, जिसमें प्राप्ति और अदायगी लेखा, आय और व्यय लेखा और संगीत नाटक अकादेमी और इसकी घटक इकाइयों—जवाहरलाल नेहरू मणिपुरी नृत्य अकादेमी इम्फाल और कत्थक केंद्र, दिल्ली का 1992-93 का तुलन-पत्र सम्मिलित है, परिशिष्ट 10 से 16 में दिया गया है।

स्मृति में

समीक्षाधीन अवधि में, प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित क्षेत्र के अनेक जाने-माने व्यक्तियों के देहावसान पर अकादेमी में शोक व्यक्त किया गया, जिनमें पूर्व वर्षों के फ़ैलो और पुरस्कृत कलाकार सम्मिलित थे।

मणिपुरी नृत्य की जानी-मानी भाष्यकार **क्षेत्री तोम्बी देवी** का निधन 21 अप्रैल को हो गया। उन्हें वर्ष 1972 में अकादेमी का मणिपुरी नृत्य के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया था।

फ़िल्म जगत के लब्ध प्रतिष्ठ व्यक्ति ***सत्यजित राय*** *का 23 अप्रैल को निधन* हो गया। उन्हें वर्ष 1959 में फ़िल्म निर्देशन के लिए अकादेमी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था और वर्ष 1986 में अकादेमी के फ़ैलो चुने गए थे।

विख्यात संगीतज्ञ **महाराजपुरम संथानम** का 24 जून को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1984 में कर्नाटक गायन संगीत के लिए अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

संगीत नाटक अकादेमी के भूतपूर्व सचिव **टी.एस. स्वामीनाथन** का 25 अगस्त को निधन हो *गया।*

शीर्षस्थ संगीतज्ञ **मल्लिकार्जुन मंसूर** का 12 सितंबर को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1971 में हिन्दुस्तानी गायन संगीत के लिए अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था और वर्ष 1982 में उन्हें अकादेमी का फ़ैलो *चुना गया था।*

प्रमुख पुतली कलाकार **मेहेर रूस्तम कांट्रेक्टर** का 26 सितंबर को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1983 में पुतली कला के लिए अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

विशिष्ट संगीतकार **सी. होन्नप्पा भागवतार** का 1 अक्तूबर को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1990 में नाट्य संगीत के लिए अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

प्रतिष्ठित पारम्परिक नाट्य कलाकार **केरेमने शिवराम हेगड़े** का 3 अक्तूबर को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1970 में यक्ष गान के लिए अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

प्रमुख मद्दलम वादक **एन.पी.कृष्णन कुट्टी नम्बीसान** का 12 अक्तूबर को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1975 में मद्दलम के लिए अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

सुविख्यात चेन्डा वादक, **के.पी. कृष्णा कुट्टी पोदुवाल** का 14 अक्तूबर को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1986 में चेन्डा के लिए अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

लब्ध प्रतिष्ठ गायिका **अल्लाह जिलाई बाई** का 3 नवम्बर को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1988 में राजस्थान के लोक संगीत के लिए अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

विशिष्ट संगीतकार और संगीतशास्त्री **दिलीप चन्द्र वेदी** का 13 नवम्बर को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1970 में अकादेमी का फ़ैलो चुना गया था।

जाने-माने संगीतज्ञ **बालप्पा वीरभद्रप्पा हुक्केरी** का 15 नवंबर को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1980 में कर्नाटक के लोक संगीत के लिए अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

प्रमुख संगीतकार **खादिम हुसैन खां** का 11 जनवरी 1993 को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1978 में हिन्दुस्तानी गायन संगीत के लिए अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

क्षेत्री तोम्बी देवी

सत्यजीत राय

महाराजपुरम संथानम

टी.एस. स्वामीनाथन्

मल्लिकार्जुन मंसूर

मेहेर रूस्तम कॉन्ट्रेक्टर

सी. होनप्पा भागवतार

केरेमने शिवराम हेगड़े

कृष्णन कुट्टी नम्बीसान

कृष्णन कुट्टी पौडुवाल

अल्लाह जिलाई बाई

दिलीप चन्द्र वेदी

बालप्पा हुक्केरी

ख़ादिम हुसैन ख़ाँ

जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी, इम्फ़ाल

जवाहरलाल नेहरू मणिपुरी नृत्य अकादेमी संगीत नाटक अकादेमी की एक घटक इकाई है। इसकी स्थापना जनवरी 1954 में मणिपुरी नृत्य कॉलिज के रूप में हुई तथा इसे वर्ष 1957 तक संगीत नाटक अकादेमी से वित्तीय सहायता प्राप्त होती रही। इसी वर्ष से अकादेमी ने इसका प्रशासन अपने हाथ में ले लिया। तदनुसार इसका वर्तमान नाम भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के नाम पर रखा गया।

मणिपुरी नृत्य में शिक्षण देने वाली अग्रणी संस्था के रूप में, यह अकादेमी मणिपुरी नृत्य, संगीत और लाई हरोबा तथा थांग-टा जैसे संबद्ध विषय के बहुत-से व्यापक पाठ्यक्रम चलाती है। इन पाठ्यक्रमों को इस प्रकार तैयार किया गया है ताकि इन विषयों में व्यावसायिक कलाकारों के लिए आधार पाठ्यक्रम तैयार किया जा सके। इस संस्था में लब्ध-प्रतिष्ठ शिक्षक पढ़ाते हैं। इसमें एक प्रस्तुति एकक भी है।

वर्ष के दौरान अकादेमी में निम्नलिखित विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 401 छात्र थे: 10-14 आयु वर्ग के छात्रों के लिए तीन वर्षीय (अंशकालिक) सर्टिफ़िकेट पाठ्यक्रम, 14-18 आयु वर्ग के छात्रों के लिए तीन वर्षीय (पूर्णकालिक) डिप्लोमा पाठ्यक्रम और तीन वर्षीय (अंशकालिक) पोस्ट-डिप्लोमा (पहले इसे स्नातकोत्तर कहते थे) पाठ्यक्रम।

इस अकादेमी का प्रबंध संगीत नाटक अकादेमी के कार्यकारिणी मंडल के हाथ में है जिसकी सहायता एक स्थानीय सलाहकार समिति करती है। श्री चिंतामणि पाणिग्रही, मणिपुर राज्य के राज्यपाल और अकादेमी के अध्यक्ष इस सलाहकार समिति के अध्यक्ष हैं जिसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल है, सचिव संगीत नाटक अकादेमी, श्री नवेद मसूद, श्री एल. दामोदर सिंह, श्रीमती बिनोदनी देवी, श्री एच. कन्हाईलाल, श्री एन. खेलचंद्र सिंह, श्री के. केहो, श्री थ. बाबू सिंह, श्री आर.के. अचोबा सिंह और श्री ख. प्रकाश सिंह (निदेशक, जवाहर लाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी)।

अध्ययन यात्रा

डिप्लोमा (नृत्य) पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक वर्ष अध्ययन यात्रा व प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। 27 मई 1992 से तीन दिवसीय कार्यक्रम के लिए छात्र थांगा (इम्फाल से लगभग पचास कि.मी. की दूरी पर मोइरांग के निकट) गये थे। वहां पर विद्यार्थियों ने तीर्थ-स्थल पर प्रदर्शित लाई हरोबा की प्रमुख विशेषताओं का अध्ययन किया।

वार्षिक समारोह

अकादेमी का वार्षिक समारोह 9 मई, 1992 को अकादेमी के सभागृह में आयोजित किया गया था। अध्यक्ष ने समारोह का उद्‌घाटन किया और अकादेमी के चार उत्कृष्ट छात्रों को स्वर्ण-पदक और अन्य सफल छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। स्वर्ण-पदक प्राप्तकर्त्ताओं ने एकल प्रदर्शन प्रस्तुत किए। छात्रों द्वारा परंपरागत मणिपुरी नृत्य और संगीत के कुछेक समूह-प्रदर्शन भी प्रस्तुत किए गए।

प्रदर्शन

1. 3 जुलाई, 1992 को अकादेमी के कलाकारों ने प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव के सम्मान में उनकी दो दिन की असम यात्रा के दौरान 'पुंग चोलोम' और ''वसंत रास'' का गुवाहाटी में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों के विभिन्न कलाकारों ने भी प्रदर्शन प्रस्तुत किए।
2. 19 से 22 अगस्त, 1992 तक संगीत नाटक अकादेमी द्वारा संस्कृति विभाग,

आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से हैदराबाद में आयोजित संगीतोत्सव (संगीत का उत्सव) में अकादेमी के 6-सदस्यीय दल ने भाग लिया।

3. 25 से 27 सितंबर, 1992 तक संगीत नाटक अकादेमी द्वारा सांस्कृतिक मामलों का विभाग, महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से पुणे में आयोजित संगीत नृत्य समारोह में एक 21-सदस्यीय दल (अकादेमी के 15 कलाकारों और जगाई मरूप के 6 पुंग चोलोम कलाकारों) ने प्रदर्शन प्रस्तुत किए। दल ने उत्सव के समापन के अवसर पर पुंग चोलोम और वसंत रास के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इससे पहले उन्होंने 24 सितंबर को अकलुज में और 26 सितंबर को बारामती में कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

4. 13 अक्तूबर, 1992 को भारत भवन द्वारा भोपाल में आयोजित 'शरद पर्व' उत्सव में अकादेमी के 24 सदस्यीय दल ने परंपरागत मणिपुरी नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया।

5. इसी दल ने 17 अक्तूबर, 1992 को पर्यटन विभाग, केरल सरकार द्वारा आयोजित निशागंधी नृत्य उत्सव के उद्घाटन अवसर पर प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

6. 1 दिसंबर, 1992 को अकादेमी की नई नृत्य नाटिका 'हेनजुनाहा' अकादेमी के सभागृह में प्रस्तुत की गयी। अकादेमी की यह 18वीं प्रस्तुति थी और इसके लेखक और निर्देशक था. चौतोम्बी सिंह हैं।

7. 8 से 10 जनवरी, 1993 तक रवींद्र नाट्य मंदिर में सचिन शंकर बैले यूनिट और महाराष्ट्र फ़िल्म, रंगमंच और सांस्कृतिक विकास निगम द्वारा आयोजित तीसरे भारतीय बैले उत्सव में भाग लेने के लिए अकादेमी का एक 24-सदस्यीय दल बंबई गया। दल ने 9 जनवरी को अपनी नृत्य-नाटिका ''केईबुल लामजाओ'' प्रस्तुत की।

8. 3 फरवरी, 1993 को हैदराबाद में संगीत नाटक अकादेमी के पुरस्कार समारोह में मणिपुर के 23-सदस्यीय दल (जिसमें अकादेमी के 17 कलाकार और जगाई मरूप के छः पुंग चोलम कलाकार सम्मिलित थे) ने 'वसंत रास' और 'पुंग चोलोम' प्रस्तुत किया। अन्तरराज्यीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत दल ने 12 फरवरी तक आंध्र प्रदेश में छः अन्य केंन्द्रों पर भी प्रदर्शन प्रस्तुत किए।

9. अकादेमी ने अपने सभागृह में 15 से 18 मार्च, 1993 तक चार दिवसीय उत्सव आयोजित किया। अकादेमी के भूतपूर्व प्रिंसीपल आर.के. प्रियगोपाल साना ने उत्सव की अध्यक्षता की। चार दलों ने इस उत्सव में भाग लिया। 19 मार्च को, उत्सव में प्रस्तुत प्रदर्शनों पर और मणिपुरी नृत्य-नाटिका की संभावनाओं पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस वाद-विवाद में लगभग 30 विद्वानों, समालोचकों, नृत्य रचनाकारों, नर्तकों ने भाग लिया।

प्रलेखन

इस अवधि के दौरान दो नृत्य-नाटिकाओं पुईनाओं-पुइदा और रामायण की वीडियो फिल्में तैयार की गई। अब तक अकादेमी ने 7 नृत्य-नाटिकाओं की वीडियो फिल्में तैयार की हैं।

कथक केंद्र : दिल्ली

संगीत नाटक अकादेमी की एक घटक इकाई कथक केंद्र देश की एक अग्रणी नृत्य-शिक्षण संस्था है। वर्ष 1964 में स्थापित इस संस्था में कथक नृत्य और उससे सम्बद्ध विषयों, जैसे हिन्दुस्तानी गायन और पखावज़ के बहुत-से पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं।

प्रारंभिक पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं: 7 से 17 आयु वर्ग के छात्रों के लिए नृत्य में अंशकालिक पांच वर्षीय आधार पाठ्यक्रम और 13-22 आयु वर्ग के छात्रों के लिए अंशकालिक तीन वर्षीय डिप्लोमा (पास) पाठ्यक्रम। नृत्य में उच्च पूर्णकालिक पाठ्यक्रम है तीन वर्षीय डिप्लोमा (आनर्स) पाठ्यक्रम (16-24 आयु वर्ग के लिए) और दो वर्षीय पोस्ट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम (19-26 आयु वर्ग के लिए)। हिंदुस्तानी गायन और पखावज वादन प्रत्येक में तीन वर्षीय विशेष पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। नृत्य शिक्षकों और केंद्र के उन छात्रों के लिए, जिन्होंने डिप्लोमा (आनर्स) या पोस्ट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरे कर लिए हैं और कथक शिक्षण कार्य करना चाहते हैं, एक वर्ष तक का पुनश्चर्या कार्यक्रम भी चलाया जाता है।

कथक केंद्र में एक प्रस्तुति एकक भी विद्यमान है जिसका उद्देश्य प्रयोगात्मक कार्य के माध्यम से कथक के रंगपटल और तकनीकों को समृद्ध करना है। केंद्र में जिन विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है, उनके लिए सुप्रतिष्ठित शिक्षकों का स्टाफ है।

केंद्र का प्रबंध संगीत नाटक अकादेमी के कार्यकारिणी मंडल के हाथ में है जिसमें केंद्र की सलाहकार समिति सहायता प्रदान करती है। वर्ष 1992-93 में समिति में निम्नलिखित सम्मिलित थे—टी.एन. कृष्णन्, (संगीत नाटक अकादेमी के उपाध्यक्ष), उषा मलिक, संगीत नाटक अकादेमी की सचिव, कुमुदिनी लाखिया, भास्कर चंदावरकर, लोकेंद्र अरम्बम, वीणापाणि चावला, चेतना जालान, निसार अल्लाना, सुमित्रा चरतराम, बिरजू महाराज, सुरेंद्र माथुर और जीवन पाणि (निदेशक कथक केन्द्र)। वर्ष के दौरान सलाहकार समिति की बैठकें 23 अप्रैल और 28 अगस्त को हुईं।

प्रस्तुति एकक

बिरजू महाराज की अध्यक्षता में संचालित प्रस्तुति एकक केंद्र का नृत्य नाटिकाओं का रंगपटल है। पिछले वर्षों से यह कथक की शास्त्रीय परंपरा में प्रयोग कर रहा है और इसने इस नृत्य शैली के विस्तार के लिए पर्याप्त योगदान दिया है। प्रस्तुति एकक ने विश्व के अनेक मुख्य शहरों में अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

हालांकि एकक में आठ नर्तकों और नौ संगीतज्ञों का एक छोटा दल है फिर भी यह अपने कार्यक्रमों में प्रतिभावान वरिष्ठ प्रशिक्षणार्थियों और शिक्षु अध्येताओं को भाग लेने के लिए रखते हैं जिससे कि वे मंच का वह अनुभव प्राप्त कर सकें जो व्यावसायिक नर्तकों के लिए आवश्यक है।

वर्ष के दौरान एकक ने दो छोटी नृत्य रचनाएं ''संपादन'' और ''पंचबाण'' तैयार कीं। एकक ने नृत्य—नाटिका ''कुमारसंभव'' का भी पुनर्प्रस्तुतीकरण किया।

शरच्चंद्रिका

नौंवा शरच्चंद्रिका उत्सव 11-13 अक्तूबर 1992 को केंद्र द्वारा आयोजित किया गया था। उत्सव में पखावज संगत और ध्रुपद/धम्मार गीतों पर संरचित अभिव्यंजनात्मक टुकड़ों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इस उत्सव में समस्त देश से पंद्रह उभरते और साथ ही अनुभवी नर्तकों ने भाग लिया।

महाराज कालका-बिंदादीन कथक महोत्सव—1993

त्रिदिवसीय उत्सव नई दिल्ली में 22 से 24 फरवरी तक आयोजित किया गया।

उत्सव का शुभारंभ छत्रपति सिंह द्वारा पखावज से हुआ। अन्य जो कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए उनमें केंद्र के सहचारी प्राध्यापक मुन्ना लाल शुक्ला की समूह नृत्य-रचना "सुनो मैंने कहीं हवाओं पर" और बिरजू महाराज की नृत्य-रचना "संपादना" सम्मिलित थे।

दूसरे दिन के कार्यक्रम में केंद्र की कथक प्रशिक्षिका भासवती मिश्रा की नृत्य-रचना "प्रतीक्षा" सम्मिलित थी।

तीसरे दिन के कार्यक्रम में बिरजू महाराज की समूह नृत्य-रचना "पंचबाण" सम्मिलित थी जिसमें केंद्र के कलाकारों ने भाग लिया।

अन्य कार्यक्रम

छात्रोत्सव

केंद्र ने दिल्ली में 29 और 30 अगस्त 1992 को वार्षिक छात्रोत्सव का आयोजन किया जिसमें केंद्र के शिक्षकों द्वारा रचित समूह नृत्य-रचनाओं और तालवाद्य योग (वाद्य मंडल) का प्रदर्शन किया गया जिसमें केंद्र के छात्रों ने भाग लिया।

अच्छन महाराज की जन्म शताब्दी

केंद्र द्वारा 11 सितबंर, 1922 को सीरी फोर्ट आडिटोरियम, नई दिल्ली में स्वर्गीय अच्छन महाराज की जन्म शताब्दी मनाने

कथक महोत्सव

के लिए प्रारंभिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि के रूप में बिरजू महाराज द्वारा प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। केन्द्र द्वारा स्थानीय संगठनों के तत्वावधान में दिसंबर और मार्च के बीच मद्रास, कलकत्ता, कटक, भुवनेश्वर और लखनऊ में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

होली उत्सव

केंद्र द्वारा 11 और 12 मार्च, 1993 का बहावलपुर हाउस, नई दिल्ली के मैदान में "हारी धूम मचो री" प्रस्तुत किया गया।

प्रायोजित कार्यक्रम

केंद्र के प्रस्तुति एकक के प्रदर्शनों को दिल्ली और दिल्ली के बाहर विभिन्न सांस्कृतिक संगठनों, व्यावसायिक निकायों, व्यवसाय गृहों और अन्य एजेंसियों द्वारा प्रायोजित किया गया। ये इस प्रकार थे: 19 मई, 1992 को मथुरा में, 4 सितबंर को कथक केन्द्र के सभागार, नई दिल्ली में, 15 अक्तूबर को होटल ताज, नई दिल्ली में, 24 अक्तूबर को तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली में, 31 अक्तूबर को वृंदावन में, 16 नवंबर को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में, 25 नवंबर, 1992 को त्रिवेणी चेम्बर थिएटर, नई दिल्ली में, 16 दिसंबर को हैदराबाद में, 20 जनवरी, 1993 को होटल अशोक, नई दिल्ली में, 24 और 25 जनवरी, 1993 को कथक केंद्र के सभागार में, 6 फरवरी को बंगलौर में, 17 फरवरी को कमानी ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में, 2 मार्च को शंकुतलम थिएटर, नई दिल्ली में, 19 मार्च को सीरी फोर्ट, नई दिल्ली में और 29 से 31 मार्च तक लखनऊ में।

छात्र संख्या

केंद्र में शैक्षिक वर्ष यथा 16 जुलाई, 1992 को विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों की संख्या 200 थी। 31 मार्च, 1993 को छात्रों की संख्या 170 थी और 30 छात्रों ने बीच में पाठ्यक्रमों को छोड़ दिया।

वार्षिक परीक्षाएं 28 अप्रैल से 12 मई, 1992 तक आयोजित की गई थीं। विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 130 छात्र सफल घोषित किए गए।

वार्षिक परीक्षा के एक भाग के रूप में 4 से 11 मई, 1992 तक लिटिल थिएटर ग्रुप, नई दिल्ली के सभाग्रह में "दीक्षांतोत्सव" का आयोजन किया गया था। विभिन्न पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के 31 छात्रों ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर प्रस्तुत कार्यक्रमों से एकल प्रदर्शनकर्त्ता के रूप में केंद्र के छात्रों की उपलब्धियों का मूल्यांकन करने में सहायता प्राप्त हुई।

केंद्र के छात्रों में भारत से बाहर के 12 छात्र शामिल थे, जो निम्न प्रकार हैं: बांगलादेश नौ, चीन दो और वेस्ट इंडीज़ एक।

संगीत नाटक अकादेमी संगम ज्ञापन (उद्धरण)

जिन उद्देश्यों के लिए सोसायटी की स्थापना की गई है, वे इस प्रकार हैं:

1. क्षेत्रीय या राज्य की संगीत, नृत्य तथा नाटक अकादेमियों के कार्यकलापों का समन्वय करना;

2. भारतीय संगीत, नृत्य तथा नाटक के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना तथा इस प्रयोजन के लिए पुस्तकालय एवं संग्रहालय आदि की स्थापना करना;

3. अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए तथा समग्र रूप में भारतीय संस्कृति के संवर्धन के लिए ऐसी ही अकादेमियों और अन्य संस्थाओं और संघों के साथ सहयोग करना;

4. संगीत, नृत्य तथा नाटक कलाओं के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना तथा तकनीकों का संवर्धन करना;

5. प्रादेशिक भाषाओं के आधार पर नाट्य केंद्रों की स्थापना को तथा विभिन्न नाट्य केंद्रों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना;

6. नाट्य प्रस्तुति, मंच-शिल्प एवं अभिनय प्रशिक्षण सहित नाट्य कला में प्रशिक्षण देने के लिए संस्थाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करना;

7. पुरस्कार और सम्मान प्रदान करके नए नाटकों की प्रस्तुति को प्रोत्साहन और सहयोग देना;

8. संदर्भ ग्रंथों-यथा सचित्र शब्द कोश या पारिभाषिक शब्दावली पुस्तिका सहित भारतीय संगीत, नृत्य एवं नाटक संबधी साहित्य को प्रकाशित करना;

9. श्रेष्ठ नाट्य संस्थाओं को मान्यता प्रदान करना या उन्हें अन्यथा सहायता प्रदान करना;

10. विभिन्न नाट्य शैलियों के अव्यावसायिक दलों की गतिविधियों, बाल रंगमंच, मुक्ताकाश रंगमंच तथा लोक नाटकों के विकास को प्रोत्साहित करना;

11. देश के विभिन्न क्षेत्रों में लोक संगीत, लोक नृत्य और लोक नाटक को पुनर्जीवित करना तथा उनका परिरक्षण करना और सामुदायिक संगीत, वौद्धिक संगीत तथा अन्य प्रकार के संगीत के विकास को बढ़ावा देना;

12. अखिल भारतीय आधार पर संगीत, नृत्य तथा नाटक उत्सवों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों को प्रायोजित करना तथा ऐसे क्षेत्रीय उत्सवों को प्रोत्साहित करना;

13. पुरस्कार तथा सम्मान प्रदान करना तथा संगीत, नृत्य और नाटक के क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए व्यष्टि कलाकारों को मान्यता प्रदान करना;

14. संगीत, नृत्य और नाटक के शिक्षण में समुचित एवं यथेष्ट स्तर को बनाए रखने के लिए उपयुक्त कदम उठाना तथा इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उपर्युक्त विषयों के शिक्षण में अनुसंधान की व्यवस्था करना; और

15. संगीत, नृत्य एवं नाटक के क्षेत्रों में देश के विभिन्न प्रदेशों के बीच तथा अन्य देशों के साथ सांस्कृतिक सम्पर्क बढ़ाना।

महत्त्वपूर्ण तिथिपत्र : 1992-93

1992

13-15 अप्रैल : नाट्यशास्त्र संगोष्ठी, दिल्ली

22 अप्रैल : संगीत सलाहकार समिति की बैठक, दिल्ली

9 मई : अभिलेखागार एवं प्रलेखन समिति की बैठक, दिल्ली

18 मई : प्रकाशन समिति की बैठक, दिल्ली

19-21 मई : अनुदान समिति की बैठक, दिल्ली

22 मई : नृत्य सलाहकार समिति की बैठक, दिल्ली

3 जून : वित्त समिति की बैठक, दिल्ली

15 जून : महा परिषद की बैठक, शिमला

15 जून : नाटक सलाहकार समिति की बैठक, शिमला

18-22 अगस्त : 'संगीतोत्सव, हैदराबाद' सांस्कृतिक मामलों का विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित शास्त्रीय संगीत का उत्सव

5-9 सितंबर : उत्तरी संभाग नाट्य समारोह हिसार। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला और सांस्कृतिक मामलों का विभाग, हरियाणा के सहयोग से प्रस्तुत

8 सितंबर : वित्त समिति की बैठक, दिल्ली

24 सितंबर : कार्यकारिणी मंडल की बैठक, पुणे

25 सितंबर : महा परिषद की बैठक, पुणे

25-27 सितंबर : 'संगीत नृत्य समारोह' पुणे में संस्कृति विभाग महाराष्ट्र के सहयोग से आयोजित शास्त्रीय संगीत और नृत्य का उत्सव।

1-3 नवंबर : लोक उत्सव, दिल्ली में परंपरागत संगीत, नृत्य और रंगमंच का उत्सव

21-25 नवंबर : कठपुतली कार्यशाला/समारोह, उदयपुर, राजस्थान संगीत नाटक अकादेमी, जोधपुर और पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के सहयोग से प्रस्तुत।

9-13 दिसंबर : दक्षिणी संभाग नाट्य समारोह, हैदराबाद। संस्कृति विभाग, आंध्र प्रदेश के सहयोग से प्रस्तुत।

23-27 दिसंबर : पश्चिमी संभाग नाट्य समारोह, बड़ौदा। पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर और गुजरात संगीत नाटक अकादेमी, गांधी नगर के सहयोग से प्रस्तुत।

1993

3-8 फरवरी : अकादेमी पुरस्कार समारोह एवं उत्सव (1992) हैदराबाद

3 फरवरी : कार्यकारिणी मंडल की बैठक, हैदराबाद

20-25 फरवरी : पूर्वी संभाग नाट्य समारोह, कटक। संस्कृति विभाग, उड़ीसा सरकार के सहयोग से प्रस्तुत।

27 फरवरी-16 मार्च : भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत उत्सव, दिल्ली। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और अकादेमी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित।

20-22 मार्च : नाट्य समारोह '92 बंगलौर—राष्ट्रीय नाट्योत्सव।

अकादेमी की महा परिषद, कार्यकारिणी तथा समितियां

महा परिषद

श्री गिरीश कारनाड
अध्यक्ष

श्री टी.एन. कृष्णन
उपाध्यक्ष

श्री सुदीप बनर्जी
वित्तीय सलाहकार

श्रीमती उषा मलिक
सचिव (पदेन)

भारत सरकार के नामित

पंडित रवि शंकर
श्री टी.एन. कृष्णन
श्री कोमल कोठारी
डॉ. जब्बार पटेल
श्रीमती शीला धर

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के प्रतिनिधि

श्री एस .एन. कशालकर
अंडमान तथा निकोबार

डॉ. येल्ला वेंकटेश्वर राव
आंध्र प्रदेश

श्री एच.के. अर्फी, आई.ए.एस.
अरुणाचल प्रदेश

श्री ए.एम. भगवती
असम

श्री श्यामानंद सिंह
बिहार

निदेशक, लोक सम्पर्क एवं सांस्कृतिक कार्य
चंडीगढ़ प्रशासन

आयुक्त-व-सचिव,
शिक्षा एवं संस्कृति
दिल्ली

दादर व नागर हवेली
नामांकन प्राप्त नहीं हुआ

श्री प्रभाकर एस. एंग्ले
गोवा

श्री माधव ओधवदास रामानुज
गुजरात

श्री के.सी. शर्मा
हरियाणा

श्री एम.वाई. टैंग
जम्मू तथा कश्मीर

श्री मनोहर सिंह
हिमाचल प्रदेश

डॉ. पी.एस. रामानुजम
कर्नाटक

श्री पी.के. वेणुकुट्टेन नायर
केरल

प्रशासक, संघ राज्य क्षेत्र
लक्षद्वीप

श्री अशोक वाजपेयी
मध्य प्रदेश

श्री राम विट्ठलराव मुकदम
महाराष्ट्र

श्री ए. बीरेंद्र सिंह
मणिपुर

श्री आर. पी. सिन्हा
मेघालय

श्री दारछौना
मिजोरम

डॉ (श्रीमती) पी. मोहंती हेजमादी
उड़ीसा

पांडिचेरी
नामांकन प्राप्त नहीं हुआ

श्री एस.के.अहलूवालिया
पंजाब

श्री एम. अलेमचिबा आओ
नागालैंड

श्री अमर सिंह राठौर,
राजस्थान

श्री सोनम टोपगे लेप्चा
सिक्किम

आर.एस. मनोहर तमिलनाडु **ईयाल**
इसाई नाटक मनरम,
तमिलनाडु

श्री त्रिपुरेंद्र भौमिक
त्रिपुरा

श्री आलोक सिन्हा
उत्तर प्रदेश

श्री अशोक तरु बनर्जी
पश्चिम बंगाल

शिक्षा मंत्रालय का प्रतिनिधि

श्रीमति कोमल आनंद, संयुक्त सचिव

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय का प्रतिनिधि

श्री एस. लक्ष्मी नारायणन, संयुक्त सचिव

साहित्य अकादेमी के प्रतिनिधि

श्री विष्णु प्रभाकर
श्री इन्द्रनाथ चौधुरी

ललित कला अकादेमी के प्रतिनिधि

श्री एम. राजाराम
डॉ शैल चोयल

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का ***प्रतिनिधि***
श्रीमति कीर्ति जैन

भारतीय सांस्कृतिक ***संबंध परिषद के प्रतिनिधि***
श्री निरंजन देसाई

सहयोजित सदस्य

श्री पी. वी. कृष्णामूर्ति
श्री टी.टी. वासु
श्री खालैद चौधरी
डॉ. किरण सेठ
डॉ एस.एस. अवस्थी
श्री भास्कर चदावरकर
श्रीमती अमला शंकर
श्री डी.एन. पटनायक
श्रीमती कुमुदिनी लाखिया
श्रीमती माया राव
श्री एम. के. रैना
श्री शमिक बनर्जी
डॉ. अशोक डी. रानाडे
श्री मुकुंद लाठ
श्री डी. अप्पूकुट्टन नायर
श्री राजिन्दर नाथ
श्रीमती अमाल अल्लाना
श्री के.वी. सुब्बन्ना
श्रीमती सुधारानी रघुपति
श्री गुरशरन सिंह

कार्यकारिणी मंडल के सदस्य

श्री गिरीश कारनाड
श्री टी.एन. कृष्णन
श्री सुदीप बनर्जी
श्रीमती कोमल आनंद
श्री कोमल कोठारी
श्रीमती शीला धर
डॉ जब्बार पटेल
श्री टी.टी. वासु
श्री भास्कर चंदावरकर
श्रीमती कुमुदिनी लाखिया
डॉ किरण सेठ
डॉ अशोक डी. रानाडे
श्रीमती सुधारानी रघुपति
श्रीमती अमाल अल्लाना
श्री के.वी. सुब्बना
श्रीमती उषा मलिक, सचिव (पदेन)

वित्त समिति के सदस्य

श्री सुदीप बनर्जी
श्रीमती कोमल आनंद
श्री पी.वी. कृष्णामूर्ति
श्री टी.टी. वासु
श्री अशोक वाजपेयी
श्रीमती उषा मलिक, सचिव (पदेन)

अनुदान समिति के सदस्य

श्री टी.एन. कृष्णन
डॉ. जब्बार पटेल
डॉ किरण सेठ
श्रीमती सुधारानी रघुपति
श्रीमती उषा मलिक, सचिव (पदेन)

प्रकाशन समिति के सदस्य

श्री टी.एन. कृष्णन
श्री शमिक बनर्जी
श्री भास्कर चंदावरकर
श्री मुकुंद लाठ
डॉ (श्रीमती) पी. मोहंती हेजमादी
श्री एन. पटटभिरमण
श्रीमती उषा मलिक, सचिव (पदेन)

नाटक सलाहकार समिति के सदस्य

श्री टी.एन. कृष्णन
श्री भास्कर चंदावरकर
श्री के.वी. सुब्बना
डॉ. जब्बार पटेल
श्रीमती उषा मलिक, सचिव (पदेन)

संगीत सलाहकार समिति के सदस्य

श्री टी.एन. कृष्णन
श्री भास्कर चंदावरकर
डॉ किरण सेठ
श्रीमती शीला धर
श्रीमती उषा मलिक, सचिव (पदेन)

नृत्य सलाहकार समिति के सदस्य

श्री टी.एन. कृष्णन
श्रीमती कुमुदिनी लाखिया
श्रीमती सुधारानी रघुपति
श्री टी.टी. वासु
श्री आर. के सिंहजीत सिंह
श्रीमती उषा मलिक, सचिव (पदेन)

अभिलेखागार और प्रलेखन समिति के सदस्य

डॉ. अशोक डी. रानाडे
श्री कोमल कोठारी
श्रीमती शीला धर
श्रीमती अमाल अल्लाना
श्री ज्योतीन्द्र जैन
श्री भास्कर चन्दावरकर
श्री एस. सरकार
श्रीमती उषा मलिक, सचिव (पदेन)

नये श्रव्य दृश्य अभिलेखन

परिशिष्ट-4

	श्रव्य घन्टे:मिनट	दृश्य घन्टे:मिनट
संगीत		
हिंदुस्तानी गायन		
भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह के दौरान रिकार्ड किए गए (आई.आई.एम.एफ.)		
गंगुबाई हंगल	01:02	01:02
भीमसेन जोशी	01:10	01:10
पंडित जसराज	01:40	01:40
शोभा गुर्टू	01:15	01:15
एन. ज़हीरउद्दीन डागर	01:00	01:00
अभय नारायण मलिक	00:54	00:54
हफ़ीज़ अहमद ख़ां	01:14	01:14
सुलोचना बृहस्पति	01:15	01:15
अजय चक्रवर्ती	01:09	01:09
रमाकांत तथा उमाकांत गुंडेचा	00:52	00:52
श्रुति सदोलीकर	00:32	00:32
संजीव अभ्यंकर	00:47	00:47
संगीतोत्सव हैदराबाद के दौरान रिकार्ड किए गए		
मधुप मुद्गल	00:48	00:48
देवकी एस. पंडित	00:46	00:46
मुजाहिद हुसैन ख़ां	00:54	00:54
संजीव अभ्यंकर	01:00	01:00
रामाराव वी नायक : पुरस्कार समारोह हैदराबाद	00:40	00:40
जितेन्द्र अभिषेकी : संगीत नृत्य समारोह, पुणे	01:00	01:00
अभिलेखागार रिकार्डिंग		
रामाराव वी. नायक	01:30	01:20
फतेह अली ख़ां	02:00	00:30
हिंदुस्तानी वाद्य संगीत		
भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह के दौरान रिकार्ड किए गए		
अमजद अली ख़ां : सरोद	00:50	00:50
राम नारायण : सारंगी	01:30	01:30
शरण रानी बाकलीवाल, सरोद	00:45	00:45
शिव कुमार शर्मा : संतूर	01:32	01:32

	श्रव्य घन्टे:मिनट	दृश्य घन्टे:मिनट
उमा शंकर मिश्र : सितार	01:02	01:02
अली हुसैन ख़ां : शहनाई	00:48	00:48
देबू चौधरी : सितार	01:45	01:45
बुद्धादित्य मुखर्जी : सितार	01:20	01:20
विश्व मोहन भट्ट : गिटार	00:50	00:50
असद अली ख़ां : रुद्र वीणा	01:30	01:30
पार्थसारथी : सरोद	00:57	00:57
इमरत ख़ां : सितार	01:40	01:40
संगीतोत्सव के दौरान रिकार्ड किए गए		
शुभेंद्र राव : सितार	00:36	00:36
देब ज्योति बोस : सरोद	00:32	00:32
नित्यानन्द हल्दिपुर : बाँसुरी	00:32	00:32
पुष्प राज कोश्ती : सुर बहार	00:30	00:30
एस. कमला : गिटार	00:42	00:42
राज खुशीराम, राज कुमार झा, जगदम्बा पांडे एवं विजयराज दास : पखावज संगम	00:16	00:16
पुरस्कार समारोह के दौरान रिकार्ड किए गए		
सुलतान ख़ां : सारंगी	01:00	01:00
उमा शंकर मिश्र : सितार	00:50	00:50
राम नारायण : सारंगी (सं. नृ. समारोह)	01:22	01:22
अभिलेखागार रिकार्डिंग		
उमा शंकर मिश्र : सितार	01:10	00:27
राम नारायण : सारंगी	00:48	00:48
शाहिद परवेज़ : सितार	01:30	00:28
कर्नाटक गायन		
भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह के दौरान रिकार्ड किए गए		
एम. बालमुरली कृष्ण	01:20	01:20
मणि कृष्णा स्वामी	01:15	01:15
सुधा रघुनाथन	00:38	00:38
एस. नित्यश्री	00:41	00:41
संगीतोत्सव के दौरान रिकार्ड किए गए		
एस. नित्यश्री	00:37	00:37
डी. शेषाचारी और डी. राघव चारी (हैदराबाद बंधु)	00:43	00:43
के वागीष	00:51	00:51
सुधा रघुनाथन	01:00	01:00

	श्रव्य घन्टे:मिनट	दृश्य घन्टे:मिनट
के. वी. नारायणस्वामी (संगीत नृत्य समारोह)	01:00	01:00
अभिलेखागार रिकार्डिंग		
टी. वृंदा	01:30	00:50
के. वी. नारायणस्वामी	01:20	00:30
सी. के. रामचंद्रन	02:00	00:20
वी. वेंकटेशन	01:30	00:20
कर्नाटक वाद्य संगीत		
भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीतं समारोह के दौरान रिकार्ड किए गए		
दौरईस्वामी वी. आय्यंगर : वीणा	01:20	01:20
शेख चिन्ना मौलाना : नागस्वरम	00:55	00:55
टी. एन. कृष्णन : वायलिन	00:50	00:50
सिक्किल बहनें : बांसुरी	01:14	01:14
एल. सुब्रहमण्यम् : बायलिन	00:46	00:46
टी. एच. विनायक राम एवं साथी : घटम	00:25	00:25
ई. गायत्री : वीणा	00:44	00:44
एन. रवि किरण : गोट्टूवाद्यम	00:40	00:40
संगीतोत्सव के दौरान रिकार्ड किए गए		
टी. ए.पी. रविशंकर : नागस्वरम्	00:15	00:15
पद्मा एस. धम्पुरान : वीणा	00:36	00:36
के. के. उन्नीकृष्णन नाम्बियार एवं एन रमण उन्नी : मिज़ावू	00:28	00:28
ए. दुर्गा प्रसाद : गोट्टूवाद्यम	00:47	00:47
टी. शशिधर : बांसुरी	00:40	00:40
दौरईस्वामी वी. आयुयंगर . वीणा (संगीत नृत्य समारोह)	01:10	01:10
अभिलेखागार रिकार्डिंग		
दौरईस्वामी वी. आयुयंगर : वीणा	01:30	00:30
पालघाट आर. रघु : मृदंगम	00:40	00:40
ए.एस. गणेशन: जलतरंगम्	01:30	00:20
नृत्य		
भरतनाट्यम्		
पद्मा सुब्रह्मण्यम् (सं.नृ.स.)		01:00
के.जे. सरसा एवं शिष्य (पुरस्कार समारोह)	00:35	00:35

	श्रव्य घन्टे:मिनट	दृश्य घन्टे:मिनट
लक्ष्मी विश्वानाथन (महाशिवरात्रि पर्व, मइलापुर मंदिर, मद्रास)		01:20
कुंभकोणम के. भानुमति (अ.रि.)		01:00
कत्थक		
रोहिणी भाटे (अ.रि.)		02:00
शरच्चंद्रिका '92 (कथक केंद्र, दिल्ली)		07:00
कथकली		
टी. टी. रमणकुट्टी नायर केरल कलामंडलम दल के साथ (सं. नृ. स.)		00 : 50
ओडिसी		
केलूचरण महापात्र (सं. नृ. स.)		01:30
सेराईकेला (चैत्र पर्व उत्सव) : अनुष्ठान एवं प्रारंभिक क्रियाकलाप, प्रदर्शन; नर्तकों, *संगीतकारों, मुखौटे/जवाहरात/पोशाक निर्माताओं, आयोजकों आदि के साक्षात्कारों सहित* संगीत नाटक अकादेमी के पुरस्कार विजेताओं सुधेंद्र नारायण सिंह देव और बिक्रम कुंभकार का विशेष प्रलेखन (अ. रि.)	01:00	15:00
मयूरभंज (चैत्र पर्व उत्सव, बारीपदा) अनुष्ठान एवं प्रारंभिक क्रिया कलाप, प्रदर्शन, गुरुओं के साथ साक्षात्कार, प्रदर्शन आदि सहित संगीत नाटक अकादेमी के पुरस्कार विजेता चंद्रशेखर भंज का विशेष प्रलेखन (अ.रि.)		14:00
मणिपुरी		
था. बाबू सिंह, जवाहरलाल नेहरु मणिपुर नृत्य अकादेमी दल के साथ वसन्त रास और पुंग चोलम (संगीत नृत्य समारोह)	01:22	00:42
था. बाबू सिंह, वाई. गंभिनी, एल. थौऊरानी शाबी देवी और जवाहर लाल नेहरु मणिपुर नृत्य अकादेमी के कलाकार : वसन्तरास (पुरस्कार समारोह)	00:25	00:25
नाटक		
नाट्य समारोह 92 बंगलौर के दौरान रिकार्ड किए गए		
हरिशचन्नर की लड़ाई (हिंदी)		02:20
उलझन (हिंदी)		02:00
इमा केइंथेल (मणिपुरी)		01:00
चंदा बेड़नी (बुंदेली)		01:45
महाभोज (डोगरी)		01:45
लूना (पंजाबी)		02:00
नोंग खोंग कोइबा (मणिपुरी)		01:20
उरुभंगम (कन्नड़)		01:00

	श्रव्य घन्टे:मिनट	दृश्य घन्टे:मिनट
पुरस्कार समारोह के दौरान रिकार्ड किए गए		
कृष्ण गरुडी (कन्नड़ नाटक) : आर. नागरत्नम्मा प्रमुख भूमिका में	00:50	00:50
कैद-ए-हयात (हिंदी/उर्दू नाटक) : सुरेंद्र वर्मा (नाटककार)		02:00
10 वें अखिल भारतीय रामलीला उत्सव भोपाल के दौरान रिकार्ड किए गए		
रामजन्म : श्री अवध आदर्श रामलीला मंडल, अयोध्या		01:55
राम विवाह : श्री सीताराम विवाह मंडली, मधुबनी		02:20
सुंदरकांड : श्री नटराज नृत्य चर्मचित्र कला प्रदर्शन समिति, काकीनाड़ा		00:40
राम वन- गमन : अंक्य रामलीला मंडल, जोरहाट		01:50
लंका दहन : श्री रघुनाथ जी लीला प्रचार समिति, पुरी		02:15
लक्ष्मण शक्ति : श्री सौरा कुंआ रामलीला मंडली, वाराणसी		01:50
रावण वध : श्री आदर्श राम लीला मंडली, सतना		02:50
राज्याभिषेक : श्री अवध आदर्श रामलीला मंडल, अयोध्या		02:15
पुतली कला		
दादी दोराब पदमजी : पपेट थिएटर ''एलेगरी'' (पुरस्कार समारोह)	0035	00:35
कठपुतली कार्यशाला/समारोह, उदयपुर	16:00	14:20
परंपरागत प्रदर्शन कलाएं		
लोक उत्सव 92 के दौरान रिकार्ड किए गए		
रामकृष्ण सोलंकी एवं साथी : नगाड़ा (राजस्थान)	00:18	00:18
धर्मिक लाल पंड्या : आख्यान (गुजरात)	00:27	00:27
प्रतिमा बरुआ पांडे: गोलपरिया गीत (असम)	00:23	00:23
पुरुसई दौरईस्वामी कनप्पा थतम्बीरन एवं साथी : तेरूकुत्तू (तमिलनाडु)	01:26	01:26
अत्तन ख़ां एवं साथी : नक्कारा (दिल्ली)	00:20	00:20
सिद्दीकी मंगानियर, साकर खांन मंगानियार एवं दल : लोक संगीत (राजस्थान)	00:35	00:35
तमिलनाडु कड़गम दल : कड़गम (तमिलनाडु)	00:14	00:14
इदागुंञी महागणपति यक्षगान मंडली : यक्षगान (कर्नाटक)	00:44	00:44
जनार्दनन नेदुनगडी : अष्टपदी (केरल)	00:18	00:18
पूनाराम निशाद : पंडवानी (मध्य प्रदेश)	00:20	00:20
गुरुवयूर देवासम एवं साथी : कृष्णाआट्टम (केरल)	00:30	00:30
टी. एच. विनायक राम तथा साथी : घटम (तमिलनाडु)	00:20	00:20

	श्रव्य घन्टे:मिनट	दृश्य घन्टे:मिनट
हिमाचल प्रदेश का लोक संगीत	00:30	00:30
भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह के दौरान रिकार्ड किए गए		
कराडी मजालू : कर्नाटक	00:26	00:26
रुक्माबाई एवं अकलनबाई : लोक संगीत (राजस्थान)	00:22	00:22
खागेन मंहत : लोक संगीत (असम)	00:32	00:32
गुरमीत बावा : लोक संगीत (पंजाब)	00:24	00:24
कामेश्वरी देवी : पूर्बी गीत (उत्तर प्रदेश)	00:27	00:27
अमर पाल : लोक गीत (बंगाल)	00:37	00:37
धर्मिक लाल पंड्या : आख्यान (गुजरात)	00:28	00:28
केशव बडगे : गोंधल (महाराष्ट्र)	00:28	00:28
जवाहरलाल नेहरु मणिपुर नृत्य अकादमी दल : (पुंग) पुरस्कार समारोह	00:10	00:10
अभिलेखागार रिकार्डिंग		
टी. एस. बालकृष्ण शास्त्रीगल (हरिकथा)	01:30	00:30
लालगुडी एम. स्वामीनाथन (तेबरम)	01:30	01:00
वेणुगोपाल दास (हरिकथा)	00:50	00:50
गणेश जोगी एवं तीजू (राजस्थान एवं गुजरात)	00:25	
धर्मिक लाल पाण्ड्या : आख्यान (गुजरात)	01:30	00:28
अत्तन ख़ां : नक्कारा	01:30	00:28
प्रतिभा बरुआ पाण्डेय : लोकगीत (असम)	00:30	00:30
जनार्दनन् नेदुंगढ़ी : अष्टपदी (केरल)	03:00	00:17
कड़गम: मरियम्मा मंदिर (तमिलनाडु)		01:00
लोकनृत्य/शिल्प मेला : गणतंत्र दिवस समारोह, नई दिल्ली		01:00
तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में गणतंत्र दिवस लोकनृत्य समारोह (नई दिल्ली)		02:00
बेह-दीन-खालम उत्सव : जोवई, मेघालय		04:00
अम्मानूर माधव चाक्यार : कुडिआट्टम (केरल)		04:00
मार्गी सति : नांगियार कूत्तू (केरल)		00:55
एस. कोचुकुट्टम चाक्यार : कुड़िआट्टम (केरल)		03:00
कल्यामपुडी पोत नायडू : तोर्पु भागवतम (आंध्र प्रदेश)		00:45
चिंदूलाश्याम एवं चिंदूला नीलम्मा : चिंदू यक्षगान (आंध्र प्रदेश)		01:00
कूड़िआट्टम, नांगियार कूत्तू, कथकली, कलरी पयट्टू : मार्गी, तिरूवंतपुरम् कलरी संगम (केरल)		06:00
साक्षात्कार एवं प्रदर्शन		
बालासाहेब पूंछवाले: ललित जे. राव द्वारा साक्षात्कार (हिन्दी)	06:00	06:00

	श्रव्य घन्टे:मिनट	दृश्य घन्टे:मिनट
दिलीप चंद्र बेदी: ललित जे. राव एवं पी.एल. पवार द्वारा साक्षात्कार (हिन्दी)	02:45	01:50
भास्कर बुआ जोशी: शरद साठे द्वारा साक्षात्कार (मराठी)	01:30	00:45
रामाराव वी. नायक: बी.वी.के. शास्त्री द्वारा साक्षात्कार (कन्नड़)	00:15	00:15
रामनारायण (सांरगी): एस.एल. कंडारा द्वारा साक्षात्कार (हिंदी)	00:36	00:36
शंकर राव शिंदे अप्पेगांवकर (पखावज): सुमति मुटाटकर द्वारा साक्षात्कार (मराठी)	00:46	00:20
टी.वृंदा: रंगानायकी आय्यंगर द्वारा साक्षात्कार (तमिल)	01:30	01:30
एस. पिनाकमाणि: जी.एन.एस. राघवन द्वारा साक्षात्कार (अंग्रेजी)	02:45	02:45
टी.एन. कृष्णन: भास्कर चंदावरकर द्वारा साक्षात्कार (अंग्रेजी)		00:30
नौशद अली: भास्कर चंदावरकर द्वारा साक्षात्कार (हिन्दी)	01:00	01:00
सुब्बारैय्या पिल्लै (भरतनाट्यम): प्रदर्शन और लक्ष्मी विश्वनाथन द्वारा साक्षात्कार (तमिल)		03:00
कमलाम्बल (भरतनाट्यम) : प्रदर्शन और सुधारानी रघुपति द्वारा साक्षात्कार (**तमिल**)		01:00
गुरू के.पी. कितप्पा (भरतनाट्यम): प्रदर्शन और सुधारानी रघुपति द्वारा साक्षात्कार (तमिल)		04:00
वेंकटलक्षम्मा (भरतनाट्यम): प्रदर्शन और बी.वी.के.शास्त्री द्वारा साक्षात्कार (कन्नड़)	01:50	01:20
कल्याणी कुट्टी अम्मा (मोहिनिआट्टम): प्रदर्शन		01:15
केदारनाथ साहू सरायकेला छऊ: प्रदर्शन और जीवन पाणी द्वारा साक्षात्कार (हिंदी-उड़िया)	00:50	02:00
सुद्येंद्र नारायण सिंह देव सरायकेला छऊ: प्रदर्शन और जीवन पाणी द्वारा साक्षात्कार (उड़िया)	00:45	00:45
लिंगराज आचार्य सरायकेला छऊ: प्रदर्शन शशिघर आचार्य की सहायता से जीवन पाणी द्वारा साक्षात्कार (उड़िया)	01:30	01:30
आर.नागरलम्मा: बी.वी.के. शास्त्री द्वारा साक्षात्कार (कन्नड़)	01:00	00:55
गुब्बी वी.मालतम्मा: बी. जयश्री द्वारा साक्षात्कार (कन्नड़)	01:20	01:20
बोनथाला कोटि जगन्नाथन (टोर्पू भगवतम): नटराज रामकृष्ण और नागभूषण शर्मा द्वारा साक्षात्कार (तेलुगू)		01:00
चिंदू येल्लम्मा (चिंदू यक्षगान): नटराज रामाकृष्ण और एम: नागभूषण शर्मा द्वारा साक्षात्कार (तेलुगू)		00:35
वेणूगोपाल दास (हरिकथा): बी.वी.के. शास्त्री द्वारा साक्षात्कार (कन्नड़)	**00:50**	00:50
मद्दुला लक्ष्मीनारायण (भामकलपम्): प्रदर्शन		02:30

विविध

भारत अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह के दौरान रिकार्ड किए गए

वियना बांसुरीवादक	**01:07**	**01:07**

	श्रव्य घन्टे:मिनट	दृश्य घन्टे:मिनट
निकोलाई पानोव: जाज़	00:50	00:50
एल. सुब्रह्मण्यम और निकोलाई पानोव/फ्यूजन	00:27	00:27
सिम्पोज़ियम: चेंजिंग पर्सपेक्टिव्ज इन म्यूजिक: एन **एनालिसिस ऑफ ट्रांसफोर्मेशन** फ्राम ट्रेडीशनल फार्म्स टू प्रेजेंट ट्रेंड्स	16:00	14:00
कार्यशालाएं: बांसुरी और तालवाद्य	10:30	09:30
थांग-टा: एस देवव्रत सिंह और शिष्य (पुरस्कार समारोह)	00:40	00:40
हिंदुस्तानी गायन संगीत कार्यशाला: के.जी. गिंडे, वी.आर. अठावले, आनंद राव लिमये आदि द्वारा वाद-विवाद/प्रदर्शन (गंधर्व महाविद्यालय)	21:00	
सेम्मनगुडी संगीत नाटक अकादेमी द्वारा निर्मित वीडियो फिल्म: भास्कर चंदावरकर **द्वारा निर्देशित**	00:55	00:55
सत्यजीत राय: एज़ आई सी हिम-मेमोरियल मीटिंग, (दिल्ली)	06:00	06:00
जी हुआयूँ: टाक आन हुआंग फ्रेसकॉज़ टू क्रिएटेड डांस "फ्लाईग अप्सराज"		00:40
वू बेन: टाक आन "द चाईनीज़ पीपा एंड साइनो-इंडियन म्यूजिक एक्सचेंजिस		01:30
संप्राप्ति		
एमाज़ोनिया-म्यूज़िक एंड एनवायरमेंट (सी डी: ग्रेम, फ्रांस)	00:50	00:50
मणिपुरी नट संकीर्तन म्यूज़िक (2 खंड) एल.पी.एल्बम: मणिपुर स्टेट कला अकादमी, इम्फाल।	01:30	1:30
कर्नाटक वादन (वायलिन): टी.एन. कृष्णन (पूर्व-रिकार्ड किए श्रव्य केसेट)	02.00	02:00
"स्वांग" ब्रज का भगत: ब्रज कला केंद्र से (प्रति)	01:30	02:00
गुजराती लोकगीत: श्री राम श्रीमाली(प्रति)	01:00	01:00
अभई कलोत्सवम्: एसोशिएशन ऑफ भरतनाट्यम आर्टिस्ट्स ऑफ इंडिया के सेमिनार मद्रास (प्रति)	09:00	09:00
कमलाबाई: निर्दे. रीना मोहन (मराठी में कमलाबाई गोखले पर बनी फिल्म की वीडियो प्रति)	00:46	00:46
वेस्पा एंड खूमी (एथ्नो-किलप्स: ग्रेम, फ्रांस प्रति)		00:16

प्रकाशित पुस्तकें

अंग्रेजी

कुटिआट्टम : कुन्जुननी राजा

मुश्ताक हुसैन ख़ाँ : नैना रिपजीत सिंह

क्लासिकल इंडियन डान्स इन लिटरेचर एंड द आर्ट्स : कपिला वात्स्यायन

म्यूज़िक एंड डांस इन रवींद्रनाथ टैगोर्स एजूकेशन फ़िलासॉफ़ी : शांतिदेव घोष

द विंग्ड फ़ॉर्म : एस्थेटिकल एस्सेज़ ऑन हिंदुस्तानी रिद्म : एस.के. सक्सेना

रावण छाया : जीवन पाणि

मालुशाही बैलाड ऑफ कुमाऊं : मोहन उप्रेती

करयाला : एस.एस.एस. ठाकुर

इवोल्यूशन ऑफ ख्याल: एम.वी. धोंद

भाओना: ए रिट्यूअल ले ऑफ़असम : महेश्वर नियोग

हूज़ हू ऑफ इंडियन म्यूजिशियन्स (दूसरा संस्करण)

कुत्तमपलम् एंड कुटिआट्टम : गोवर्धन पांचाल

उस्ताद फ़ैयाज़ ख़ां : दीपाली नाग

तोलु बोम्मलत्ता : शैडो पपेट्स ऑफ आंध्र प्रदेश : एम. नागभूषण शर्मा

स्टेज म्यूज़िक ऑफ़ महाराष्ट्र : अशोक डी. रानाडे

एस्पेक्ट्स आफ इंडियन म्यूज़िक : ए कलेक्शन ऑफ एस्सेज़ : सुमति मुटाटकर (संपादित)

कंटेम्परारी इंडियन थिएटर : इंटरव्यूज़ विद प्लेराइट्स एंड डायरेक्टर्स

मैडम मेनका : दमयंती जोशी

तोलपावा कूतु : शैडो पपेट्स ऑफ केरल : जी. वेणु

किताब-ए-नौरस द्वारा इब्राहिम आदिल शाह- II : नज़ीर अहमद (संपादित)

स्विंगिंग सिलेबल्स : एस्थेटिक्स ऑफ कत्थक डांस : एस.के. सक्सेना

संस्कृत

नृत्याध्याय : अशोक मल्ला

हिंदी

ओंकारनाथ ठाकुर : विनय चंद्र मौद्गल्य

सहसरसा : प्रेमलता शर्मा (संपादित)

त्यागराज कृति संग्रह

पाश्चात्य संगीत और उसकी स्वर लिपि : एच.के. कोयलरेट्टर

रासलीला तथा रसानुकरण विकास : वी. यामदग्नि

मुत्तुस्वामी ं दीक्षितार कृति संग्रह

मृदंग तबला वादन पद्धति : गुरुदेव पटवर्धन

हिमाचल का लोक संगीत : केशव आनंद

मृदंग वादन (नाथद्वारा परंपरा) : पुरुषोत्तम दास

पुष्टि संगीत प्रकाश : बी.पी. भट्ट

मेईतेई

रास पूर्णिमा : बाबू सिंह

छाली : गुरु अमूबी सिंह

भांगी परेंग : गुरु अमूबी सिंह

भांगी परेंग अछोबा : गुरु अमूबी सिंह

मणिपुर जगोई : गुरु अमूबी सिंह

तमिल्

अयोध्या कांड ऑफ तोलपावा कूत्तू
के.एल. कृष्णनकुट्टी पुलावर

संस्थाओं को दिए गए अनुदान : 1992-93

संस्थान	राशि रुपयों में	प्रयोजन
आंध्र प्रदेश		
1. कला तरंगिणी, विशाखापत्तनम्	12,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
2. कलाक्षेत्रम, जिला पश्चिमी गोदावरी	10,000	कुचिपुड़ी नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
3. श्री वेंकटराम नाट्य मंडली, कुचिपुड़ी	15,000	कुचिपुड़ी शैली में नृत्य नाटिका की प्रस्तुति के लिए
4. *हैदराबाद पपेट थिएटर, हैदराबाद	12,000	नए कठपुतली नाटक की प्रस्तुति के लिए
असम		
1. दशरूपक कल्चरल ऑर्गेनाइज़ेशन, कछार	12,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
2. नट सैनिक, उत्तरी लखीमपुर	10,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
3. संगीत महाविद्यालय, दीफू	8,000	वाद्य यंत्रों की ख़रीद के लिए
4. नाबिक (नाट्य विकाश केंद्र), उत्तरी लखीमपुर	12,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
5. शिल्पी संघ संगीत महाविद्यालय, दीफू	8,000	वाद्य यंत्रों की ख़रीद के लिए
बिहार		
1. श्री जगन्नाथ आर्ट स्कूल, सिंहभूम	10,000	मुखौटे बनाने के प्रशिक्षण के लिए
2. आदिवासी छऊ नृत्य संगठन, सिंहभूम	10,000	पोशाकों और यंत्रों की ख़रीद के लिए
3. बिहार स्कूल ऑफ म्यूज़िक एंड ड्रामा, मुज़फ़्फ़रपुर	10,000	नाटक की प्रस्तुति के लिए
4. प्रांगण, पटना	10,000	वाद्य यंत्रों की ख़रीद के लिए
5. विंध्य कला मंदिर, पटना	10,000	श्रीमती बिंध्यवासिनी देवी द्वारा बिहार के परंपरागत और लोक गीतों में प्रशिक्षण के लिए
चंडीगढ़		
1. द सेंटर ऑफ म्यूज़िक परफोर्मिंग आर्ट्स, चंडीगढ़	15,000	प्रकाश उपस्करों की ख़रीद के लिए
2. सेंटर फ़ार एजूकेशन एंड वालंटरी एक्शन, चंडीगढ़	10,000	सामुदायिक रंगमंच कार्यशाला के लिए
दिल्ली		
1. ओडिसी केंद्र, नई दिल्ली	15,000	ओडिसी नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
2. नादमंडल, दिल्ली	12,000	शास्त्रीय संगीत के प्रसार के लिए
3. नृत्य वाटिका, नई दिल्ली	10,000	नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति के लिए
4. दिल्ली चिल्ड्रंस थिएटर, नई दिल्ली	12,000	नए बाल नाटक की प्रस्तुति के लिए
5. नृत्य कला निकेतन, दिल्ली	12,000	कत्थक नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
6. अभियान, नई दिल्ली	20,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
7. गणेश नाट्यालय, नई दिल्ली	12,000	भरतनाट्यम कार्यशाला के लिए
8. अम्बेडकर रामलीला ड्रामेटिक क्लब, दिल्ली	8,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
9. उमंग, नई दिल्ली	15,000	दो नए बाल नाटकों की प्रस्तुति के लिए
10. हस्ताक्षर, नई दिल्ली	12,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
11. रुचिका थिएटर ग्रुप, नई दिल्ली	10,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
12. दर्पण, दिल्ली	8,000	संगीत में प्रशिक्षण के लिए
13. कुचीपुड़ी डांस सेंटर, नई दिल्ली	15,000	राधिका संतवानम पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति के लिए

संस्थान	राशि रुपयों में	प्रयोजन
14. ध्रुपद सोसायटी, नई दिल्ली	20,000	वार्षिक ध्रुपद समारोह के लिए
15. गीतिका, नई दिल्ली	15,000	महिला संगीत सम्मेलन आयोजित करने के लिए
16. श्रीराम सेंटर फ़ॉर परफ़ोर्मिंग आर्ट्स, नई दिल्ली	15,000	स्क्रिप्ट बैंक सर्विस के लिए
17. भूमिका क्रिएटिव डांस सेंटर, नई दिल्ली	25,000	'स्कूल इन एकेडेमिक डांस एंड कॉरियोग्राफी' प्रोजेक्ट के अधीन नृत्य रचना पर कार्यशाला और युवा नृत्य रचनाकारों की प्रस्तुति के लिए
18. गांधर्व महाविद्यालय, नई दिल्ली	15,000	संगीत कार्यशाला आयोजित करने के लिए
19. सेंटर फार इंडियन क्लासिकल डांसिंस, नई दिल्ली	20,000	नृत्य और संगीत की आलोचनात्मक गुण-विवेचना के लिए
20. स्पिक-मेके, नई दिल्ली	35,000	वर्ष 1992-93 के अपने वार्षिक उत्सव में कलाकारों को प्रस्तुत करने के लिए
गोआ		
1. दयानंद कला केंद्र, गोआ	8,000	शास्त्रीय संगीत में प्रशिक्षण के लिए
गुजरात		
1. कदंब, अहमदाबाद	20,000	गुजरात राज्य के बाहर छात्रों के प्रदर्शन के लिए
2. सौराष्ट्र अंत्यज संस्कृति समाज, राजकोट	5,000	लोक संगीत संगोष्ठी आयोजित करने के लिए
3. कोरस, अहमदाबाद	10,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
हरियाणा		
1. श्री हर्ष कल्चरल सोसायटी, कुरूक्षेत्र	10,000	संगीत के प्रशिक्षण के लिए
2. £ हरियाणा लोक मंच, हिसार	8,000	हरियाणा के लोक गीतों की रिकार्डिंग के लिए
हिमाचल प्रदेश		
1. हिमाचल कल्चर रिसर्च फोरम एंड थिएटर रेपरटरी, मण्डी	12,000	नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के सहयोग से प्रदर्शनोन्मुँखी बाल रंगमंच कार्यशाला के लिए
2. शैल संगीत कला केंद्र, मण्डी	8,000	संगीत में प्रशिक्षण के लिए
जम्मू कश्मीर		
1. सरस्वती संगीत कला मंदिर, जम्मू	12,000	शास्त्रीय संगीत के प्रशिक्षण के लिए
2. मानस मूवीज़ एंड थिएटर ग्रुप, सफापुर	8,000	पुराने नाटकों की पुन: प्रस्तुति के लिए
3. नटरंग, जम्मू	15,000	नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के सहयोग से प्रदर्शनोन्मुख रंगमंच कार्यशाला आयोजित करने के लिए
4. मानस बल ड्रामेटिक्स, जम्मू	10,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
5. बोमईलुका थिएटर, बारामूला	8,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
6. वुलार थिएटर, ज़ेंगेयर	10,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
कर्नाटक		
1. किंकिनी, बंगलौर	15,000	किंकिनी नृत्योत्सव के लिए
2. निनासम, हेग्गोडू	20,000	त्रिगुट-92 के लिए
3. परक्यूसिव आर्ट्स सेंटर, बंगलौर	15,000	''ताल वाद्य संगोष्ठी'' के आयोजन के लिए
4. श्री इदागुंजी महागणपति यक्षगान मंडली, केरामने	15,000	कर्नाटक के भीतर यक्षगान पर व्याख्यान प्रदर्शन के आयोजन के लिए
5. श्रीलक्ष्मी नरसिम्हा प्रसादित जनपद और यक्षगान मंडली, सौंदा	6,000	ध्वनि उपकरणों की खरीद के लिए

संस्थान	राशि रुपयों में	प्रयोजन
6. नुपुर स्कूल ऑफ़ भरतनाट्यम बंगलौर	15,000	नित्य-नृत्य उत्सव में कर्नाटक से बाहर के कलाकारों को प्रायोजित करने के लिए
7. एकेडमी ऑफ़ परफ़ोर्मिंग आर्ट्स, हुबली	10,000	मराठी नाट्य संगीत पर संगोष्ठी के लिए
8. अभिव्यक्ति बालगा, शिमोगा	12,000	ध्वनि उपकरण ख़रीदने हेतु
9. हुबली आर्ट्स सर्किल, हुबली	10,000	संगीत उत्सव के आयोजन के लिए
10. द बंगलौर गायन समाज, बंगलौर	15,000	24वें संगीत सम्मेलन में सेमिनार/संगोष्ठी के आयोजन के लिए
11. मित्र मंडली, जोगफाल्ज़	10,000	प्रकाश एवं ध्वनि उपकरणों की ख़रीद के लिए
12. द मीनाक्षी सुंदरम सेंटर फ़ॉर परफ़ोर्मिंग आर्ट्स, बंगलौर	10,000	भरतनाट्यम में प्रशिक्षण के लिए
13. सरस्वती संगीत विद्यालय, बंगलौर	12,000	हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत प्रशिक्षण के लिए
14. किन्नर मेला, सागर	12,000	निनासम के सहयोग से बाल नाटकों की प्रस्तुति के लिए
15. द महेश्वरी स्कूल फ़ार द ब्लाईंड, बेलगाम	10,000	वाद्य-यंत्रों की ख़रीद के लिए
16. हंगरकुट्टा यक्षगान कला आइरोडी	12,000	यक्षगान में प्रशिक्षण के लिए
17. नाट्य प्रिय, बंगलौर	8,000	भरतनाट्यम में प्रशिक्षण के लिए
18. महामाया स्कूल ऑफ़ इंडियन डांसिंग, बंगलौर	25,000	अगस्त 1992 में गोल्डन जुबली समारोह के अवसर पर सेमिनार के आयोजन के लिए
19. वसुंधरा परफ़ोर्मिंग आर्ट्स सेंटर, मैसूर	10,000	शास्त्रीय नृत्य और संगीत पर सेमिनार और प्रदर्शन आयोजित करने के लिए
20. कर्नाटक गण कला परिषद, बंगलौर	10,000	युवा संगीतकारों के उत्सव के लिए
21. *मैसूर एजूकेशन कल्चरल एंड सर्विस सोसायटी, कुंदापुरा	12,000	लोककथा पर आधरित नए पुतली नाटक की प्रस्तुति के लिए
22. भारती कला विदारु, शिमोगा	15,000	प्रकाश उपकरणों की ख़रीद के लिए
23. £ जनपद नृत्य संगीत तारा बेती कला केंद्र, कर्नाटक	10,000	यक्षगान में प्रशिक्षण हेतु
24. यक्षगान कला केंद्र, उडिपी	15,000	यक्षगान में प्रशिक्षण हेतु
केरल		
1. ज्वाला वजहाकुलम, मुवत्तुपुझा	10,000	नए बाल नाटक की प्रस्तुति हेतु
2. श्री स्वाति तिरुनल संगीत सभा, तिरुवंतपुरम	20,000	कर्नाटक संगीत प्रशिक्षण हेतु
3. कला क्षेत्रम इंटरनेशनल आर्ट्स सेंटर, क्यूलोन	10,000	कथकली में प्रशिक्षण के लिए
4. विश्व कला केंद्र, त्रिवेंद्रम	10,000	ओट्टनतुल्लल में प्रशिक्षण के लिए
5. रंगचेतना, त्रिचूर	12,000	बाल रंगमंच कार्यशाला के लिए
6. केरल कलामंदिरम्, त्रिचूर	10,000	मोहिनीआट्टम में प्रशिक्षण के लिए
7. रंगप्रभात चिल्ड्रंस थिएटर, तिरुवंतपुरम्	12,000	नए बाल नाटकों की प्रस्तुति के लिए
8. सूर्या, त्रिवेंद्रम	12,000	वार्षिक उत्सव में नृत्य और संगीत में एक एक कलाकार को प्रस्तुत करने के लिए
9. वैकोम तिरुनाल, वैकोम	10,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
10. सोपानम, तिरुवंतपुरम्	20,000	मलयालम में नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
11. श्री सीताराम स्वामी टेम्पल वसन्तोत्सवम् कमेटी, त्रिचूर	8,000	संगीत उत्सत आयोजित करने के लिए
12. नाटकयोगम, थिरुवंतपुरम्	12,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
13. गांधी सेवासदन कथकली एंड क्लासिकल आर्ट्स अकादमी, पालक्कड	15,000	कथकली में प्रशिक्षण हेतु
14. £ बाल विकास भवन, कोचीन	10,000	प्रदर्शनोन्मुख कार्यशाला के लिए
15. केरल फ़ाइन आर्ट्स सोसायटी, कोचीन	10,000	कर्नाटक संगीत में प्रशिक्षण के लिए

संस्थान	राशि रुपयों में	प्रयोजन
16. पद्मश्री कलामंडलम कृष्णन नायर मेमोरियल केरल कलालयम, त्रिपुणीतुरा	12,000	मोहिनिआट्टम में प्रशिक्षण के लिए
17. £ उन्नयी वारियर स्मारक कलानिलयम, इरिजंलाकुडा	15,000	कथकली में नई प्रस्तुति के लिए
18. केरल कलामंडालम, त्रिचूर	15,000	कथकली नाटक की प्रस्तुति के लिए
मध्य प्रदेश		
1. लोक कला मंच पंडवानी, दुर्ग	10,000	पंडवानी के पांच प्रदर्शनों के लिए
2. दोस्त थिएटर ग्रुप, भोपाल	10,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
3. फ़ोक आर्ट्स अकादेमी, सागर	12,000	ध्वनि और प्रकाश उपकरणों की ख़रीद के लिए
4. कलामंदिर, ग्वालियर	12,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
5. £ नाट्यायन, ग्वालियर	12,000	प्रकाश उपकरणों की ख़रीद के लिए
6. विवेचना, जबलपुर	12,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
7. नट बुंदेले, भोपाल	12,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
महाराष्ट्र		
1. नाट्यशाला चैरिटी ट्रस्ट, बंबई	10,000	विकलांग बच्चों द्वारा प्रदर्शनोन्मुख कार्यशाला के लिए
2. नालंदा डांस रिसर्च सेंटर, बंबई	20,000	मोहिनिआट्टम में प्रशिक्षण के लिए
3. नृत्य भारतीय कत्थक डांस अकादमी, पुणे	25,000	शिक्षण प्रणाली एवं रंगपटल के प्रलेखन के लिए
4. नाट्य आराधना, शोलापुर	12,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
5. आविष्कार, बंबई	25,000	मराठी नाटकों की प्रस्तुति और नाट्य कार्यशालाओं के लिए
6. डॉ (श्रीमती) सुशीला रानी बाबू राव पटेल ट्रस्ट, बंबई	12,000	संगीत में प्रशिक्षण के लिए
7. संगीत महाभारती, बंबई	12,000	तबले में प्रशिक्षण के लिए
8. कला छाया, पुणे	12,000	कत्थक नृत्य में प्रशिक्षण हेतु
9. सहयोग, पुणे	10,000	फिजीकल थिएटर में कार्यशाला के लिए
10. अंतरनाट्य, बंबई	15,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
11. बैले यूनिट, बंबई	25,000	तीसरा भारतीय बैले उत्सव आयोजित करने के लिए
12. **कर्नाटक संघ, बंबई	15,000	प्रकाश एवं ध्वनि के उपकरणों की ख़रीद के लिए
मणिपुर		
1. श्री गोविंदजी भक्ति ग्रंथ केंद्र विद्यालय, इम्फ़ाल	12,000	लैरिक-धोबा-हाइबा में प्रशिक्षण के लिए
2. तौर्यात्रिक कला विकास संघ नट कालिज, इम्फ़ाल	12,000	नट संकीर्तन में प्रशिक्षण के लिए
3. परफ़ोर्मिंग आर्टिस्ट्स सेंटर, इम्फ़ाल	12,000	राज्य के बाहर प्रदर्शन करने के लिए
4. थिएटर मिरर ड्रामाटिक सोसायटी, इम्फ़ाल	12,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
5. फार्वर्ड आर्टिस्ट्स सेंटर एनकेंम्प, इम्फ़ाल	10,000	मणिपुर नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
6. हरिमति डांस एंड म्यूजिक सेंटर, इम्फ़ाल	10,000	मणिपुर नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
7. हुला सिंदमसंघ, इम्फ़ाल	15,000	थांग-टा में प्रशिक्षण हेतु
8. मणिपुरी एन्सेम्बल, इम्फ़ाल	10,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
9. मणिपुरी नर्तनालय, इम्फाल	12,000	मणिपुर नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
10. द लिलोंग छाजिंग यूथ कम्यूनिटी-व-कलचरल इंस्टीट्यूट लीकाई, लिलोंग	10,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
11. कॉस्मोपोलिटन ड्रामाटिक यूनियन, इम्फाल	10,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए

संस्थान	राशि रुपयों में	प्रयोजन
मेघालय		
1. नार्थ-ईस्टर्न डांस एकेडमी, शिलौंग	8,000	मणिपुरी नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
उड़ीसा		
1. स्वर्णचूड़ छऊ संस्थान, बालासोर	10,000	छऊ नृत्य में प्रशिक्षण हेतु
2. श्री श्री स्वप्नेश्वर नाट्यकला संसद, गंजम	10,000	भरत लीला में प्रशिक्षण के लिए
3. श्री श्री बाला जी ठाकुर नाट्य कला संसद, गंजम	8,000	राधा प्रेम लीला में प्रशिक्षण के लिए
4. नरेंद्रपुर कला विकास केंद्र, गंजम	12,000	राज्य के बाहर प्रदर्शन के लिए
5. श्री गोपी नाथ नाट्य कला संसद, गंजम	12,000	प्रहलाद नाटक के प्रशिक्षण के लिए
6. कला विकास केंद्र, कटक	15,000	ओड़िसी नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
7. उत्कल संगीत समाज, कटक	8,000	बाल नाटक की प्रस्तुति के लिए
8. शताब्दीरा कलाकार, भुवनेश्वर	12,000	बाल रंगमंच उत्सव के लिए
9. नृत्य संगीत कला मंदिर, बालासोर	12,000	ओड़िसी नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
10. मानना नाट्य संस्था, भुवनेश्वर	10,000	नए नाटक की प्रस्तुति के लिए
11. दशभुजा गोटिपुआ ओड़िसी नृत्य परिषद, पुरी	8,000	गोतिपुआ नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
12. उड़ीसा डांस अकादेमी, भुवनेश्वर	15,000	ओड़िसी नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
13. ब्रजेश्वरी नृत्य कला संसद, सम्बलपुर	10,000	नृत्य-तनदाब नृत्य आदि में प्रशिक्षण के लिए
14. चन्द्रशेखर गोटिपुआ कला संसद, पुरी	10,000	गोतिपुआ नृत्य और पखावज में प्रशिक्षण के लिए
15. मयूर आर्ट सेंटर, भुवनेश्वर	15,000	छऊ नृत्य के प्रशिक्षण के लिए
16. ओडिसी बिकास प्रतिष्ठान, पुरी	10,000	परंपरागत संगीत-गोप वाद्य में प्रशिक्षण के लिए
17. £ श्री लक्ष्मी नृसिंहा नाट्यकला संसद, गंजम	8,000	प्रहलाद नाटक में प्रशिक्षण के लिए
18. श्याम सुंदर संगीत महाविद्यालय, पुरी	10,000	ओडिसी संगीत में प्रशिक्षण के लिए
19. चित्रदा दक्षिणशाही छऊ नृत्य प्रतिष्ठान, मयूरंभज	10,000	छऊ नृत्य और संगीत में प्रशिक्षण के लिए
20. म्यूज़िक सर्किल, राउरकेला	10,000	ओडिसी नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
21. कलिंगा भारती, कटक	10,000	ओडिसी नृत्य में प्रशिक्षण के लिए
22. *रावण छाया नाट्य संसद, धेनकनाल	10,000	रावण छाया में प्रशिक्षण के लिए
पांडिचेरी		
1. सप्तस्वरम म्यूज़िक अकादेमी, पांडिचेरी	10,000	संगीत वाद्य यंत्रों की खरीद के लिए
पंजाब		
1. नेशनल थिएटर आर्टस सोसायटी, पटियाला	12,000	बाल नाटक की प्रस्तुति के लिए
राजस्थान		
1. महाराणा कुंभ संगीत परिषद, उदयपुर	12,000	दक्षिण भारत के नृत्य रूपों और कर्नाटक संगीत के कलाकारों का वार्षिक महाराणा कुंभ संगीत समारोह में प्रायोजित करने के लिए
2. चिल्ड्रंस थिएटर, जयपुर	12,000	प्रदर्शनोन्मुख बाल रंगमंच कार्यशाला के लिए
3. संगीत कला केंद्र, भीलवाड़ा	10,000	गैर नृत्य समारोह
4. कला भारती, अलवर	8,000	वृंदगान के लिए
5. *भारतीय लोक कला मंडल, उदयपुर	12,000	नए कठपुतली नाटक की प्रस्तुति के लिए

संस्थान	राशि रुपयों में	प्रयोजन
तमिलनाडु		
1. तमिल ईसाई संगम, मद्रास	15,000	पारंपरिक तमिल संगीत के प्रशिक्षण हेतु
2. श्री लक्ष्मी नरसिंह जयंती भागवत मेला नाट्य नाटक संगम, तंजावुर	15,000	भागवत मेला में प्रशिक्षण के लिए
3. भारत कलाचार, मद्रास	10,000	संगीत कार्यक्रमों के आयोजन के लिए
4. श्री भरतालय, मद्रास	20,000	भरतनाट्यम में प्रशिक्षण हेतु
5. कार्तिक फ़ाईन आर्ट्स, मद्रास	15,000	उत्तर भारत से दो युवा कलाकारों को अपने वार्षिक उत्सव में प्रस्तुत करने के लिए
6. श्री लक्ष्मी नरसिंह भागवत मेला भक्त समाजम, तंजावुर	10,000	भागवत मेला नाटकम आयोजित करने के लिए
7. श्री तीर्थ नारायण स्वामीगल आराधना समारोह समिति, तंजावुर	10,000	आराधना उत्सव के आयोजन के लिए
8. श्री कृष्ण गण सभा, मद्रास	15,000	ध्वनि उपकरणों की ख़रीद के लिए
9. द इंडियन फ़ाइन आर्ट्स सोसायटी, मद्रास	10,000	तमिलनाडु से बाहर के दो युवा कलाकारों को प्रस्तुत करने के लिए
10. पुरूसाई राघव तम्बीरान परमबराइ तेरूकूतू मंदरम, पुरूसाई	12,000	तेरूकुत्तू में प्रदर्शनोन्मुख प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए
11. मेलातूर भागवत मेला नाट्य विद्या संगम, तंजावुर	10,000	वार्षिक भागवत मेला उत्सव के लिए
